


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 162

ग्वालियर, मंगलवार, 01 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## यूपी विधानसभा चुनाव के चक्रव्यूह में अखिलेश यादव

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की चुनावी जंग में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव समेत इस नाम के चार योद्धा (उम्मीदवार) मैदान में हैं। विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव नाम के चार उम्मीदवारों में सपा प्रमुख समेत दो उम्मीदवार सपा के हैं जबकि एक कांग्रेस और एक निर्दलीय के तौर पर अपनी तकदीर आजमा रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव क्षेत्र मैनपुरी जिले के करहल में मतदान हो चुका है और मतदाताओं ने उनकी किस्मत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में बंद कर दी है। अखिलेश यादव नाम के दूसरे उम्मीदवार आजमगढ़ जिले की मुबारकपुर विधानसभा सीट से हैं। इसके अलावा अयोध्या जिले की बीकापुर विधानसभा सीट के कांग्रेस उम्मीदवार का भी नाम अखिलेश यादव है। संभल के गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में एक निर्दलीय उम्मीदवार भी अखिलेश हैं। सात फरवरी को समाजवादी पार्टी ने मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार अखिलेश यादव की घोषणा की तो कुछ लोगों को लगा कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव दो सीटों



पर विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। चूंकि इसके पहले ही सपा प्रमुख के मैनपुरी के करहल से चुनाव लड़ने की घोषणा हो चुकी थी और आजमगढ़ उनका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र है तो लोगों ने अनुमान लगाया कि संभवतः वह दो सीटों से चुनाव लड़ें। लेकिन पार्टी नेताओं ने स्थिति साफ कर दी और बताया कि मुबारकपुर से घोषित सपा उम्मीदवार अखिलेश यादव 2017 में भी विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं और बसपा के शाह आलम से मात्र 688 मतों से पराजित हुए थे। लोग मेरे प्रति सहानुभूति महसूस करते हैं, क्योंकि मैं इस सीट से 2017 का विधानसभा चुनाव बहुत ही कम अंतर से हार गया था। उन्होंने कहा कि अभी, सभी लोग चाहते हैं कि अखिलेश यादव चुनाव जीते। यहां के लोग कह रहे हैं कि चूंकि अखिलेश यादव (सपा प्रमुख) हैं और वे उप्र का मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं, इसलिए मुबारकपुर से विधायक भी अखिलेश यादव को होना चाहिए। मुबारकपुर सपा प्रत्याशी के भाग्य का फैसला सातवें और अंतिम चरण में सात मार्च को होगा। मुबारकपुर से सपा प्रत्याशी ने कहा कि उनके पिता ने उनका नाम अखिलेश रखा है क्योंकि उनके तीन भाइयों का नाम ईश के साथ समाप्त हुआ।

## दिल को दहला देती थी लड़ाकू विमानों की आवाज, यूक्रेन से दिल्ली पहुंची छात्रा ने बताया कैसे हैं वहां के हालात

**नई दिल्ली।** आपरेशन गंगा के तहत एयर इंडिया के विशेष विमान 240 छात्रों का एक जत्था सोमवार को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा। ये छात्र हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरे थे। इस विमान से दिल्ली की रहने वाली रितिका भी आई हैं। यूक्रेन में युद्ध का आंखों देखा हाल बताते हुए यमुना नगर की रितिका ने कहा कि हमलोगों ने युद्ध के बारे में अब तक केवल किताबों में पढ़ा था लेकिन पहली बार देखा।



रितिका का कहना है कि छत के ऊपर से गुजर रहे लड़ाकू विमानों की आवाज दिल को दहला देती थी। खुशनसीब हूं कि स्वदेश वापसी हुई। यहां सभी बच्चे पश्चिमी यूक्रेन से आये हैं। इस हिस्से में अभी युद्ध की स्थिति नहीं है। कभी कभार पोलेंड की ओर से फाइटर विमान टोह लेने गुजरते हैं।

इन विद्यार्थियों का कहना है कि पूर्वी यूक्रेन में जो इनके दोस्त हैं वो अभी बदतर परिस्थितियों का सामना करने को विवश हैं। खाने पीने से लेकर हिफाजत करने में हो रही दिक्कत। सभी एटीएम बंद हैं। एक छात्र ने बताया कि अभी पश्चिमी यूक्रेन में लाकडाउन लगा है। केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नक़वी ने एयर इंडिया के विशेष विमान से यूक्रेन से सुरक्षित निकाले गए भारतीय नागरिकों का दिल्ली हवाईअड्डे पर स्वागत किया। यूक्रेन से सकुशल भारत लौटने पर छात्रा सोनम ने कहा कि %मैं धन्यवाद करना चाहती हूं कि हमें ऐसी परिस्थिति से निकाला गया और मैं भारत सरकार से आवेदन करती हूं कि जो बच्चे कीव और बाकी के क्षेत्रों में गंभीर स्थिति में फंसे हुए हैं उन्हें भी वापस लाया जाए। इसके पहले सोमवार सुबह ही 249 विद्यार्थियों को लेकर एयर इंडिया का एक विमान उतर चुका है। अभी तक ऑपरेशन गंगा के तहत रोमानिया व हंगरी से पांच विमान आ चुके हैं। पहले विमान से 250, दूसरे विमान से 240, तीसरे विमान से 198 और चौथे विमान से 249 यात्री आए हैं।

### रोमानिया बॉर्डर पर फंसे छह हजार से ज्यादा छात्र, आस-पास के रेस्टोरेंट पर लगा है 'नो इंडियंस अलाउड' का बोर्ड



**लखनऊ।** सबसे खराब स्थिति में यूक्रेन में फंसे वो छात्र हैं जो रोमेनिया बॉर्डर पर इकट्ठा हुए हैं। घर कब जा पाएंगे यह पता नहीं है और बॉर्डर पर न रात गुजारने की कोई व्यवस्था है, न खाने-पीने का कोई इंतजाम है। सबसे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि बॉर्डर के आसपास के जो रेस्टोरेंट हैं, उन्होंने अपने यहां नो इंडियंस अलाउड का बोर्ड लगा रखा है। झांसी के रहने वाले डॉ. एसएस सिंह, जो कि इस समय महोबा के एक राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य हैं, उनका बेटा अखिल यूक्रेन में मेडिकल का छात्र है। हजारों अन्य बच्चों की तरह वह भी रोमेनिया बॉर्डर पर फंसा हुआ है। अखिल ने बातचीत में बताया कि उनका लगभग डेढ़ सौ छात्रों का एक ग्रुप बस से रात भर का सफर तय करके रोमेनिया पहुंचा। बॉर्डर तक का लगभग 10 किमी का सफर इन लोगों ने पैदल तय किया। यहां सुबह सात बजे बॉर्डर खुला तो केवल 60-70 बच्चे अंदर किए गए और फिर से बॉर्डर बंद हो गया। बताया गया कि शाम को चार-पांच बजे दोबारा खुलेगा। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि कोई रोस्टर या शेड्यूल तय नहीं है कि कब कितने बच्चे बॉर्डर से पार किए जाएंगे। अब भी लगभग छह हजार बच्चे फंसे हुए हैं। अखिल ने बताया कि खाने के लिए बिस्किट या थोड़े-बहुत पैक्ड फूड का इंतजाम तो इन लोगों के पास है लेकिन खाने की कोई व्यवस्था नहीं है। सबसे खराब बात तो यह है कि अगर कोई भारतीय वहां रेस्टोरेंट में जाकर खाना चाहे तो उसका स्वागत नो इंडियंस अलाउड के साइनबोर्ड से हो रहा है।

### यूक्रेन में फंसे भारतीयों की मदद के लिए मंत्री तैनात

**नई दिल्ली।** यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों की मदद के लिए केंद्रीय मंत्रियों का एक समूह यूरोप जा कर पूरे अभियान का समन्वय करेगा। इन छात्रों के कई चिंताजनक वीडियो के सामने आने के बीच यह फैसला मोदी सरकार की एक आपात बैठक में लिया गया।यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों की कठिन परिस्थितियों के कई वीडियो सामने आने के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार सुबह एक उच्च स्तरीय बैठक की। कई मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि बैठक में इन छात्रों को सुरक्षित निकाल लेने के अभियान की देखरेख के लिए केंद्रीय मंत्रियों का एक समूह यूरोप जाएगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरेन रिजिजू और जनरल वीके सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कठिन हालात ये मंत्री भारत के विशेष राजदूतों के रूप में यूक्रेन के पड़ोसी देशों में जाएंगे और उन देशों की यूक्रेन से सटी सीमाओं के रास्ते भारतीय छात्रों को निकाल लेने की कोशिश करेंगे। इन देशों में पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया, रोमानिया और मॉल्डोवा शामिल हैं। इन छात्रों के कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं जिनमें उन्होंने कई कठिनाइयों का सामना करने के बारे में बताया है। इन खबरों को लेकर विपक्षी पार्टियां भी सरकार की आलोचना कर रही हैं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने ऐसा ही एक वीडियो ट्वीट करते हुए कहा कि सरकार को तुरंत इन छात्रों को निकालने की योजना के बारे में उन्हें और उनके परिवारों को बताना चाहिए। वीडियो में वर्दी पहने लोग भारतीय छात्रों को धकेलते, घसीटते और उनके साथ मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## देश में पिछले 8 साल में बने 70 एयरपोर्ट तेजी से बढ़ रही एविएशन इंडस्ट्री: ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सिविल एविएशन और कार्गो पर आयोजित 13वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि भारत में सिविल एविएशन सेक्टर विकास



के प्रारंभिक चरण में है और यह तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह सेक्टर विश्व विमानन उद्योग के लिए बड़ी क्षमता प्रस्तुत कर रहा है। सिंधिया ने कहा कि आज हमारे पास 720 विमानों का बेड़ा है। अगले कुछ सालों में यह और भी बड़ा हो जाएगा। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, ÷मेरा दृढ़ विश्वास है कि भारत में एयरलाइन इकोसिस्टम की शक्ति को उजागर करने का समय आ गया है। भारत अगले 10 से 15 वर्षों में अपने 720 विमानों के बेड़े को बढ़ाकर 1000-2000 विमानों का कर लेगा। हम अपनी एयरपोर्ट क्षमता बढ़ाने जा रहे हैं। 70 वर्षों में हमारे पास भारत में 74 एयरपोर्ट थे और पिछले 8 वर्षों में हमने अतिरिक्त 70 एयरपोर्ट बनाए हैं। पिछले 8 वर्षों में इस क्षेत्र में जबरदस्त विकास हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा भारतीय विमानन उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा कई सकारात्मक उपाय किए गए हैं।

## अमूल दूध आज से होगा 2 रुपये प्रति लीटर महंगा

**मुंबई।** अमूल दूध खरीदना अब महंगा हो जाएगा. दरअसल, कंपनी ने देशभर में दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है. कंपनी ने बताया है कि बढ़ी हुई कीमतें 1 मार्च




2022 से लागू होंगी. कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि एनर्जी, पैकेजिंग, परिवहन और पशु आहार की कीमतों में लागत बढ़ने के चलते दूध की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है. बढ़ी हुई कीमतें 1 मार्च 2022 से प्रभावी होंगी. कंपनी का कहना है कि इससे किसानों को भी फायदा मिलेगा. कंपनी ने बयान में बताया कि अमूल दूध की खरीद पर भुगतान किए जाने वाले हर एक रुपये में से 80 पैसे किसानों को वापस लौटाए जाते हैं. अमूल ने कहा कि कीमत में बदलाव से दूध उत्पादकों के लिए दूध की लाभकारी कीमतों को बनाए रखने और उन्हें ज्यादा से ज्यादा दूध का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी. आपको बता दें कि गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन यानी जीसीएमएमएफ ने एक साल पूरा होने से पहले दूध के दामों में इजाफा कर दिया है. इससे पहले पिछले साल जुलाई महीने में दूध के दाम बढ़ाए थे. दाम में बढ़ोतरी अमूल दूध के सभी ब्रांडों पर लागू होगी. करीब आठ महीने के बाद कीमतों में बढ़ोतरी की जा रही है. जीसीएमएमएफ ने कहा कि प्रोडक्शन कॉस्ट में वृद्धि कीमतों में इजाफे का कारण है।

## राहुल गांधी ने यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों से मारपीट का वीडियो साझा कर कहा- 'हम अपनों को नहीं छोड़ सकते'



**नई दिल्ली।** यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच भारतीय छात्रों के साथ मारपीट की खबर सामने आई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इससे जुड़ा एक वीडियो शेयर कर इसकी जानकारी दी है। साथ ही राहुल गांधी ने मोदी सरकार से भारतीय छात्रों को इस मुश्किल घड़ी में अकेला नहीं छोड़ने की अपील की है। वीडियो शेयर करते हुए राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'इस तरह की हिंसा झेल रहे भारतीय छात्रों और इस वीडियो को देखने वाले उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। किसी भी अभिभावक को इससे नहीं गुजरना चाहिए। भारत सरकार को तत्काल विस्तृत निकासी योजना को फंसे हुए लोगों के साथ-साथ उनके परिवारों के साथ साझा करना चाहिए। हम अपनों को नहीं छोड़ सकते।'

इससे पहले राहुल गांधी ने कीव में बंकरों में फंसे भारतीय लड़कियों का वीडियो शेयर किया था। राहुल गांधी ने ट्वीट किया था, %बंकरों में भारतीय छात्रों के दृश्य विचलित करने वाले हैं। कई छात्र भारी हमले की चपेट वाले पूर्वी यूक्रेन में फंसे हैं। मैं फंसे छात्रों के चिंतित परिवार के सदस्यों के साथ खड़ा हूं। मैं इन छात्रों को तत्काल वापस लाने की व्यवस्था करने की भारत सरकार से फिर अपील करता हूं। यूक्रेन में भारतीय छात्रों पर अब एक नया संकट छा गया है। पोलैंड देश की सीमा पर तैनात यूक्रेनी सेना के कुछ जवानों पर आरोप है कि उन्होंने भारतीय छात्रों के एक दल को जबरन रोकते हुए उनको पीटा और डराया धमकाया। घटना का शिकार हुए छात्रों की यूक्रेन में ही मौजूद एक सहपाठी ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी है कि उनकी यूनिवर्सिटी से एक भारतीय छात्रों के एक दल के साथ ये सब किया गया है। आरोप यह भी है कि बॉर्डर पर भारतीय छात्रों के साथ यूक्रेनी सैनिकों ने मारपीट कर एक छात्रा का हाथ तोड़ दिया है, जबकि डराने के लिए फायर भी किए। आरोपों के अनुसार हमला करने वाले यूक्रेनी सैनिकों ने छात्रों से कहा कि आपकी भारत सरकार यूक्रेन का साथ नहीं दे रही है, इसलिए हम लोग आपका सहयोग क्यों करें। भारत सरकार ने यूक्रेन के साथ लगते देश पोलैंड, हंगरी, रोमानिया के बॉर्डर पर पहुंचने के बाद मदद के दावे किए हैं, लेकिन असल में यहां बॉर्डर पर भारतीय को उचित मदद मिल नहीं पा रही है। कई किलोमीटर पैदल चलने के बाद भूखे-प्यासे भारतीयों के लिए इन देशों के बॉर्डर पर खाने-पीने और ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं है।

## अब डबल नहीं, ट्रिपल इंजन की सरकार चलेगी यहां बुआ-बबुआ नहीं केवल बाबा चलेगा : राजनाथ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अब यहां डबल नहीं बल्कि ट्रिपल इंजन की सरकार चलेगी। जिसमें मोदी का विजन होगा, योगी का मिशन होगा तथा जनता का पार्टीसिपेशन होगा। कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत है। यहां अब सिर्फ गोली नहीं बल्कि गोला बनने लगा है। ब्रह्मोस मिसाइल से लेकर लड़ाकू विमान भी बन रहा है। आने वाले दिनों में भारत दुनिया के देशों से हथियार खरीदेगा नहीं बल्कि हथियार बेचने वाले देशों में शामिल होगा। राजनाथ सिंह बलिया के बैरिया और आजमगढ़ के लालगंज में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कहा कि पहले की सरकार में खनन घोटाला, एंबुलेंस घोटाला, यमुना



रिवर फ्रंट घोटाला होता था। गुंडे-माफियाओं की चलती थी। अब प्रदेश में भय व भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं हैं। माफियाओं को पता है कि अब योगी का बुल्डोजर चल जाएगा। सरकार अपराधियों के सहयोग से नहीं, जनता के सहयोग से चलायी जाती है। जनता को भय और भूख से आजादी नहीं दिलाने वाला समाजवादी नहीं हो सकता। सच्चा समाजवादी हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में एक मजबूत राष्ट्र के रूप में जाना जाता है। कभी ऐसा भी था जब दुनिया हमारी बात को नहीं सुनती थी लेकिन अब भारत की बातों को लोग कान खोलकर सुनते हैं। यूक्रेन में चल रही जंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्टैंड की दुनिया भर में तारीफ हो रही है। सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि अब हम इस पार भी मारेंगे और यदि जरूरी हुआ तो उस पार भी घुसकर मारेंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि यूपी में अब बुआ-बबुआ नहीं केवल बाबा चलेगा।

## सरकार कुछ नहीं कर रही यूक्रेन में फंसे छात्रों की मुश्किल पर बरसे : वरुण गांधी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी भाजपा के सांसद वरुण गांधी ने एक बार फिर से अपनी ही सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने रूस-यूक्रेन संकट के बीच बॉर्डर पर फंसे भारतीय छात्रों को लेकर भारत सरकार की आलोचना की। दरअसल यूक्रेन की राजधानी कीव में अपने जैसे अन्य लोगों के साथ फंसी एक भारतीय छात्रा ने भारतीय दूतावास पर आरोप लगाया है कि वे उनका फोन नहीं उठा रहे हैं। भाजपा सांसद वरुण गांधी द्वारा ट्विटर पर शेयर किए गए एक वीडियो में, लड़की का दावा है कि जहां अन्य देशों ने अपने नागरिकों को यूक्रेन से बाहर निकाला है, वहीं भारत सरकार उनके लिए कुछ नहीं कर रही है। पश्चिमी यूक्रेन में वापस जाने के लिए भारतीय दूतावास की एडवाइजरी का उल्लेख करते



हुए, छात्रा ने कहा कि वे सीमा से 800 किलोमीटर दूर हैं और आधिकारिक सहायता के बिना उस दूरी की यात्रा करने का कोई साधन नहीं है। छात्रा ने कहा हम उन्हें भारतीय दूतावास के कर्मचारी कॉल कर रहे हैं और वह लगातार हमारे कॉल को रिजेक्ट कर रहे हैं। यहां तक कि हमने रोमानियाई सीमा से वीडियो शेयर किए हैं जहां लड़कियों को बेरहमी से पीटा जा रहा है। आज दोपहर दूतावास ने हमें बताया कि कीव में वे सभी जो ट्रेन से जा सकते हैं, वे जाएं, लेकिन हमें गाइडेंस देने के बजाय, वे पूरी तरह से हमारी अनदेखी कर रहे हैं। छात्रा ने कहा, वे कहते हैं कि वे भारतीय छात्रों को बॉर्डर से निकाल रहे हैं। बॉर्डर हमारे वर्तमान स्थान से 800 किमी दूर है। छात्रों के रूप में हम उन सीमाओं पर कैसे जाएं? भारत सरकार हमारी बिल्कुल भी मदद नहीं कर रही है। इस मामले को लेकर भाजपा सांसद वरुण गांधी ने सोमवार को केंद्र पर तीखा हमला करते हुए दावा किया कि सरकार की निष्क्रियता के कारण, रूसी आक्रमण के बीच 15,000 से अधिक भारतीय छात्र अभी भी यूक्रेन में फंसे हुए हैं।

## खास खबर

### रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग से भारत चिंतित निर्यात पर पड़ सकता है असरः निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग का पांचवां दिन है। भारत समेत पूरे दुनिया यूक्रेन के हालात पर नजर बनाई हुई है। इस बीच, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यूक्रेन से व्यापार संबंध पर पड़ने असर पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जहां तक यूक्रेन को होने वाले हमारे तत्काल आयात और निर्यात पर पड़ने वाले असर का संबंध है, हम इस बात को लेकर चिंतित हैं कि वहां से भारत में क्या आता है। लेकिन मुझे इस बात की अधिक चिंता है कि हमारे निर्यातकों, विशेष रूप से रूस और यूक्रेन के किसान क्षेत्र का क्या होगा। निर्मला सीतारमण ने कहा कि इसलिए इन दोनों मुद्दों पर मेरे पास एक व्यापक होगा हम पहले से ही आपातकालिन स्थिति को देख रहे हैं, लेकिन मुझे विभिन्न संबंधित मंत्रालयों के माध्यम से पूर्ण मूल्यांकन करना होगा और उसके बाद ही उस पर टिप्पणी की जा सकेगी। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन आप आश्वस्त हो सकते हैं कि हम इस मामले को अच्छी तरह से समझ चुके हैं क्योंकि इसका असर आने वाली आवश्यक चीजों पर पड़ने वाला है। निर्मला सीतारमण ने संघर्ष के कारण भुगतान में किसी भी कठिनाई पर उद्योग जगत से प्रतिक्रिया मांगी। उन्होंने कहा कि दवा निर्यात और उर्वरक का आयात को लेकर हम चिंतित हैं। उधर, यूक्रेन में जारी संकट पर भारत में बैठकों का दौर जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक हाईलेवल बैठक बुलाई। सूत्रों के मुताबिक चार केंद्रीय मंत्री क्रेन के पड़ोसी देशों में जाएंगे ताकि वहां फंसे छात्रों के बचाव कार्य में मदद की जा सके। ये मंत्री भारत के विशेष दूत के रूप में जा रहे हैं। सरकार हरदीप पुरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरेन रिजिजू और पूर्व थलसेना अध्यक्ष वीके सिंह को भेजने का फैसला किया है।

### नवाब मलिक को अस्पताल से किया गया डिस्चार्ज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा नेता नवाब मलिक को मुंबई के जेजे अस्पताल से छुट्टी मिल गई है जिसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय ले जाया जाएगा। नवाब मलिक 25 फरवरी को अस्पताल में भर्ती हुए थे। दरअसल, नवाब मलिक दाऊद इब्राहिम मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 3 मार्च तक ईडी की हिरासत में रहेंगे। नवाब मलिक की गिरफ्तारी से गुसाएं राज्य के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और अन्य मंत्रियों ने बीते गुरुवार को धरना भी दिया था वहीं नवाब मलिक ने गिरफ्तारी के बाद कहा था कि, मैं लड़ूंगा, डरूंगा नहीं। बता दें, मलिक पिछले कुछ महीनों से चर्चा में हैं, जब से उन्होंने एंटी ड्रग्स एजेंसी एनसीबी के मुंबई क्षेत्र के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ निजी और सेवा से जुड़े आरोप लगाए थे। मलिक के दामाद समीर खान को गत वर्ष मादक पदार्थ के एक मामले के एक मामले में एनसीबी ने गिरफ्तार किया था। अंडरवर्ल्ड की गतिविधियों, संपत्ति की अवैध रूप से कथित खरीद-फरोख्त और हवाला लेनदेन के संबंध में ईडी ने 15 फरवरी को मुंबई में छापेमारी की थी और एक नया मामला दर्ज किया था, जिसके बाद मलिक को गिरफ्तार किया गया। नवाब मलिक पर पीएमएलए की विशेष अदालत ने बीते बुधवार को रिमांड पर भेजने का फैसला किया था। सूत्रों के अनुसार नवाब मलिक की हिरासत मिलने के बाद ईडी इस मामले में और भी गिरफ्तारियां कर सकती है। कोर्ट में नवाब मलिक के वकील ने कहा था कि मंत्री ब्लड प्रेशर के मरीज हैं, ऐसे में उन्हें दवा और घर का खाना उपलब्ध कराया जाए जिसके लिए अदालत ने अनुमति दे दी थी। इस मामले को लेकर राज्य में सियासी घमासान मचा हुआ है। महा विकास आघाडी के नेता इस मामले को लेकर बीजेपी पर हमलावर हैं और इसे राजनीति से प्रेरित कार्रवाई बता रहे हैं।

### मायावती के गांव के शख्स ने की थी गोरखपुर का माहौल बिगाड़ने की साजिश गिरफ्तार

**गोरखपुर।** बिहार के बूढ़ी गंडक नदी से बरामद जले हुए युवक की फोटो वायरल कर गोरखपुर का बताने वाले कथित बसपा कार्यकर्ता को गोरखपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया युवक बसपा सुप्रीमो मायावती के गांव बादलपुर का रहने वाला है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर रविवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपित का कहना था कि उसे यह फोटो इंटरनेट पर दिखी थी और गोरखपुर के ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की घटना बताई गई थी। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि 24 फरवरी की सुबह एक ट्वीट सामने आया जिसमें गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा के नारायनपुर गांव निवासी एक युवक को जिंदा जलाने की बात कहते हुए फोटो पोस्ट की गई थी। विक्रम सिंह बादलपुर नामक ट्वीटर हैंडल से यह ट्वीट किया गया था। और इसके साथ लिखा था आज गोरखपुर में एक बसपा कार्यकर्ता को जिंदा जला दिया गया।

## न्यूज़ ट्रैक....

### पैरा तीरंदाजी विश्व चैम्पियनशिप में भारत की पूजा को रजत

**दुबई** । भारतीय महिला पैरा तीरंदाज पूजा जातयान ने यहां पैरा विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता है। पूजा इस स्पर्धा के व्यक्तिगत वर्ग में रजत जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। पूजा को फाइनल में इटली की पैट्रिली विंसेंजा ने 3-7 (24-24, 23-21, 26-28, 24-26, 25-27) हराया जिससे उन्हें रजत पदक ही मिल पाया। पूजा ने ब्रिटेन की हेजल चेस्टी से 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 6-2 से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया था। भारत ने विश्व तीरंदाजी पैरा चैम्पियनशिप में इस बार दो रजत पदक जीते हैं। भारत की ही पूजा खन्ना को कांस्य पदक के लिये हुए मुकाबले में मंगोलिया की खिलाड़ी के हाथों 1-5 से हार का सामना करना पड़ा। श्याम सुंदर स्वामी और ज्योति बालियान की मिश्रित जोड़ी ने इससे पहले भारत के लिए इस टूर्नामेंट में पहला रजत पदक जीता था। पूजा ने क्वार्टरफाइनल में श्वेतलाना बारांतसेवा को 6-4 से हराया था।

### स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी में भारत की निकहत और नीतू को मिले स्वर्ण

**सोफिया** । भारत की महिला मुक्केबाज निकहत जरीन और नीतू ने स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक जीते हैं। जरीन ने (52 किग्रा) भार वर्ग में यूक्रेन की तेतियाना कोब को 4-1 से हराया जबकि नीतू ने (48 किग्रा) भार वर्ग में इटली की एरिका प्रिसियांडारो को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। निकहत को तीन बार की यूरोपीय चैम्पियनशिप तेतियाना के साथ मुकाबले में कड़ा संघर्ष करना पड़ा। राष्ट्रीय महिला टीम के कोच भास्कर भट्ट ने कहा, ''दोनों ही भारतीय खिलाड़ियों ने पूरी तरह से अलग शैली का प्रदर्शन किया लेकिन दोनों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।''जरीन ओर नीतू के अलावा नंदिनी ने 81 किग्रा में जीत के साथ ही कांस्य पदक पर कब्जा किया है। वहीं स्वर्ण विजेता नीतू दो बार की पूर्व युवा विश्व चैंपियन के साथ एशियाई युवा चैंपियनशिप में पूर्व स्वर्ण पदक विजेता भी हैं। दूसरी ओर भारतीय पुरुष टीम का प्रदर्शन इस बार अच्छा नहीं रहा। इसमें सात में से कोई भी पदक दौर में नहीं पहुंच सका। स्ट्रैंड्जा मेमोरियल यूरोप की सबसे पुरानी मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं में से एक है और इसमें दुनिया भर के शीर्ष मुक्केबाज हिस्सा लेते है।

### पूर्व क्रिकेटर कांबली गिरफ्तार

**मुंबई** । टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली अपने कारनामों के कारण हमेशा विवादों में रहे हैं। अब कांबली को अपनी बांद्रा सोसायटी में शराब पीकर गाड़ी चलाने और पास से गुजर रही एक कार को टक्कर मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया हालांकि इसके तत्काल बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। कांबली को बांद्रा सोसाइटी के एक निवासी की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया था। यह भी कहा जा रहा है कि कांबली ने घटना के बाद परिसर के चौकीदार और कुछ निवासियों से कथित तौर पर बहस भी की थी। इससे पहले भी कई बार वह विवादों के कारण कानूनी शिकंजे में आये थे। कांबली ने भारत की ओर से 17 टेस्ट और 104 एकदिवसीय मैच खेले थे और अपने विवादास्पद रवैये के कारण ही उनका करियर भी अधिक नहीं चला। मुंबई के इस बल्लेबाज ने 1991 में भारत की ओर से पदार्पण किया और अक्टूबर 2000 में अपना आखिरी मैच खेला था।

# मयंक बने पंजाब किंग्स के नए कप्तान, कोच कुंबले बोले- इस बार होंगे कामयाब

**नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन (IPL2022) से पहले पंजाब किंग्स टीम का नया कप्तान (Punjab Kings Captain) बनाया गया है. फ्रेंचाइजी ने रविवार को यह घोषणा की. 31 साल के मयंक का कप्तान बनना लगभग तय माना जा रहा था. पंजाब फ्रेंचाइजी ने 2 ही खिलाड़ियों को रीटेन किया था जिसमें मयंक के अलावा युवा पेसर अर्शदीप सिंह शामिल थे. पंजाब किंग्स टीम अभी तक एक बार भी खिताब नहीं जीत पाई है। मयंक अग्रवाल ने 2011 में आईपीएल डेब्यू किया था. उन्होंने इस प्रतिष्ठित टी20 लीग में अभी तक 100 मैच खेले हैं और 1 शतक, 11 अर्धशतक लगाए हैं. इस दौरान उन्होंने कुल 2131 रन बनाए हैं. पिछले साल मयंक ने अच्छा प्रदर्शन किया था. उन्होंने 2021 के सीजन में 12 मैचों में कुल 441 रन बनाए थे जिसमें 4 अर्धशतक शामिल रहे. मयंक ने इससे पहले एक मैच में पंजाब टीम की कप्तानी संभाली



है, हालांकि तब दिल्ली कैपिटल्स से टीम को हार झेलनी पड़ी थी।

केएल राहुल के दूसरी फ्रेंचाइजी के कप्तान बनने के बाद मयंक अग्रवाल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है. दरअसल, राहुल आगामी सीजन में नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स का नेतृत्व करेंगे. मयंक ने करियर में 19 टेस्ट और 5 वनडे अंतरराष्ट्रीय मुकाबले भी खेले हैं। उन्होंने टेस्ट में दोहरा शतक भी जमाया है और कुल 1429 रन बनाए हैं. वनडे में हालांकि वह अब तक कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और कुल 86 रन बनाए हैं।

मयंक ने इस जिम्मेदारी के मिलने पर कहा, 'आईपीएल-2022 में पंजाब किंग्स की कप्तानी संभालने को लेकर गर्व महसूस कर रहा हूं. काफी खुशी है. इस बार खिताब जीतने की पूरी कोशिश करेंगे. हम हमेशा चैंपियन बनने के मकसद से मैदान पर उतरे हैं. इस बार एक टीम के तौर पर अपना पहला खिताब जीतने की सफल कोशिश करेंगे।' टीम के कोच और पूर्व दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने मयंक की तारीफ की. उन्होंने कहा, 'मयंक मेहनती हैं और एक टीम प्लेयर हैं. वह काफी जुनूनी हैं. एक नेतृत्वकर्ता में जिस तरह की क्वालिटी होनी चाहिए, वे सब मयंक में हैं.' उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार टीम का खिताब जीतने का सपना मयंक की कप्तानी में पूरा होगा. उन्होंने कहा, 'मुझे भरोसा है कि वह टीम के अभियान को सफल बनाने की दिशा में काम करेंगे।

## तीसरे टी20 में जडेजा को इसलिए नहीं मिली गेंदबाजी

**धर्मशाला** । भारतीय क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले को जीतकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम की है। भारतीय टीम ने अंतिम मैच में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया। इस मैच में टीम इंडिया के ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने बल्लेबाजी के दौरान 15 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाये पर उन्हें गेंदबाजी नहीं दी गयी। गेंदबाजी नहीं दिये जाने का करण भी जडेजा ने बताया है उनका कहना है कि युवा गेंदबाजों रवि बिश्नोई और कुलदीप यादव को गेंदबाजी अभ्यास कराने के कारण उन्हें गेंदबाजी नहीं दी गयी। वहीं कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि टीम को जडेजा से बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीथ थी। इसी कारण उन्हें ऊपरी क्रम पर भेजा गया। साथ ही कहा कि कुलदीप और विश्नोई को गेंदबाजी अभ्यास कराने की जरुरत थी। इसी कारण जडेजा को गेंदबाजी नहीं दी गयी। इस मैच में कुलदीप और विश्नोई की गेंदबाजी की बात करें तो विश्नोई ने 4 ओवर की गेंदबाजी में 32 रन देकर 1 विकेट लिया जबकि कुलदीप ने 22 रन दिए पर उन्हें एक विकेट भी नहीं मिला।



चेलेसा और लीवरपूल मुकाबले में रोमिलू लूकाकू गोल दागते हुए।

# सभी खिलाड़ियों को अवसर देना चाहते हैं : रोहित शर्मा

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ 3-0 से सीरीज जीतने पर उत्साहित होते हुए कहा कि टीम की बेंच स्ट्रेंथ अच्छी है और वह सभी को अवसर देना चाहते हैं ताकि टीम में कोई कमी नहीं रहे। रोहित ने इस सीरीज में कई बदलाव करते हुए अधिकतर युवा खिलाड़ियों को अभ्यास का अवसर दिया था। उन्होंने, शुरुआती टी20 मैचों में 6 बदलाव किए गए थे जबकि तीसरे टी20 मैच में रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव सहित पांच युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया। रोहित ने मैच के बाद कहा, 'यह एक प्रकार का प्रयोग है। मने बहुत अच्छा खेला। सीरीज से काफी सकारात्मक बातें सामने आई है। हम यह समझना चाहते हैं कि हमारे पास किस तरह की बेंच स्ट्रेंथ है , इसलिए हमने सभी खिलाड़ियों को अवसर दिया। खिलाड़ियों को यह बताना भी जरुरी है कि अपने स्थान के बारे में परेशान न हों।'उन्होंने आगे कहा, 'हमारे पास जो भी कमी है, उसे भरना चाहते हैं। इसे ही ध्यान में रखते हुए हम आगे बढ़े हैं।' श्रीलंका के खिलाफ आने वाले समय में दो मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर कप्तान ने कहा कि लंबे प्रारुप में खिलाड़ियों की असली परीक्षा होगी और इसके लिए हमें लय बनाये रखनी होगी।



## ईपीएल मैच में खिलाड़ियों ने यूक्रेन के प्रति एकजुटता दिखाई

**लंदन** । यहां जारी इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्रेंटफोर्ड और न्यूकास्टल टीमों ने मैच से पहले रुसी हमले का विरोध करते हुए यूक्रेन का समर्थन किया। मैच खेल रही दोनो टीमों ने यूकेन के ध्वज को प्रदर्शित करके 'युद्ध नहीं का संदेश दिया। वहीं इस दौरान स्टेडियम में विरोधी टीम में शामिल यूक्रेन के दो खिलाड़ी मैच से पहले ही एक दूसरे के गले लगकर रो पड़े। इस टूर्नामेंट में दोनो ही टीमों के खिलाड़ियों ने यूक्रेन के प्रति एकजुटता दिखाई। वहीं इसके बाद दोनों टीमों के दर्शकों ने क्रिस्टियन एरिक्सन की आठ महीने बाद मैदान पर वापसी का भी स्वागत किया। एरिक्सन को यूरोपीय चैंपियनशिप के दौरान दिल का दौरा पड़ा था और उसके बाद से ही वह खेल से दूर थे। मैच में मैनचेस्टर सिटी ने एवर्टन को 1-0 से हराकर शीर्ष पर अपनी स्थिति और बेहतर की हालांकि यह मैच यूक्रेन के दो खिलाड़ियों के भावुक मिलन के कारण अधिक चर्चा में रहा। सिटी की तरफ से खेलने वाले अलेक्सांद्रो जिनचेंको और एवर्टन के विताली मायकोलेंको मैच से पहले ही एक दूसरे के पास गए और गले लगकर रोने लगेए। इसके बाद जब वे स्थानापन्न खिलाड़ियों की अपनी बेंच पर पहुंचे तो उनकी आंखों में आंसू थे।




## व्यापार न्यूज

### डॉलर के मुकाबले रुपया 40 पैसे टूटा

**मुंबई** । रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 40 पैसे टूटकर 75.33 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर खुला। रुपया 75.78 और 75.70 के सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। शुरुआती सौदों में स्थानीय मुद्रा अपने पिछले बंद भाव से 40 पैसे की गिरावट के साथ 75.73 पर थी। रुपया पिछले सत्र में 27 पैसे की तेजी के साथ 75.33 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.78 प्रतिशत बढ़कर 97.37 पर था।

### अमरूद का निर्यात अप्रैल-जनवरी में बढ़कर 20.9 लाख डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली । वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-जनवरी 2021-22 में अमरूद का निर्यात बढ़कर 20.9 लाख अमेरिकी डॉलर हो गया, जो अप्रैल-जनवरी 2013-14 में 5.8 लाख अमेरिकी डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक भारत से ताजे फलों के निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ताजे फलों के प्रमुख निर्यात स्थलों में बांग्लादेश, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, नेपाल, ईरान, रूस, सऊदी अरब, ओमान और कतर शामिल हैं। बयान के मुताबिक दही और पनीर का निर्यात भी अप्रैल-जनवरी 2021-22 में बढ़कर तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया, जो अप्रैल-जनवरी 2013-14 में एक करोड़ डॉलर था। डेयरी उत्पादों के प्रमुख निर्यात स्थलों में यूएई, बांग्लादेश, अमेरिका, भूटान, ओमान और इंडोनेशिया शामिल हैं।

### बीएसईएस का डिजिटल पर जोर

**नई दिल्ली** । कोरोना महामारी और इससे होने वाले व्यवधानों से सबक लेते हुए बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस अपनी ग्राहक सेवाओं के डिजिटलीकरण पर जोर दे रही है। बीएसईएस ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कई डिजिटल सेवाएं शुरू की हैं। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि इन सेवाओं को विभिन्न डिजिटल मंचों के लिए बनाया गया है ताकि उपयोगकर्ताओं को बीएसईएस की सेवाएं मिलती रहें। इस क्रम में बीएसईएस ने सोशल मीडिया मंच व्हाट्सऐप का इस्तेमाल भी शुरू किया है। व्हाट्सऐप सेवा के जरिए बिजली न आने की शिकायत, मीटर रीडिंग और बिजली बिल डाउनलोड करने के अलावा बिल का भुगतान भी किया जा सकता है। ग्राहक व्हाट्सऐप के जरिए नए कनेक्शन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

### जीप इंडिया की कम्पास ट्रेलहॉक 30 लाख से शुरू

**नई दिल्ली** । वाहन बनाने वाली कंपनी जीप इंडिया ने देश में नई जीप कम्पास ट्रेलहॉक पेश कर दी है, जिसकी शुरुआती शोरूम कीमत 30.72 लाख रुपए रखी गई है। यह मॉडल जीप कम्पास का खराब इलाकों में भी चलने लायक ऑफ-रोड संस्करण है। इसके अलावा यह प्रीमियम इंटीरियर से भी लैस है। कंपनी ने कहा कि मॉडल का बेहतर सस्पेंशन इसे 19 इंच तक गहरे पानी में भी चलने में सक्षम बनाता है जिससे यह जीप कम्पास की तुलना में ऑफ रोड ड्राइविंग के लिए बेहतर है। जीप कम्पास ट्रेलहॉक दो लीटर डीजल पावरट्रेन इंजन के साथ आता है, जो 170 एचपी और 350 एनएम की ताकत पैदा करता है। यह इंजन नौ स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ आता है।

### ब्रिगेड की बिक्री नौ महीनों में 14 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली । रियल्टी फर्म ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड की बिक्री चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 14 प्रतिशत बढ़कर 1,994.8 करोड़ रुपए हो गई। बेंगलूरु स्थित कंपनी ने निवेशकों के समक्ष अपनी प्रस्तुति में कहा कि अप्रैल-दिसंबर 2021 की अवधि में उसने 1,994.8 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तयों की बिक्री की है। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 1,749.1 करोड़ रुपए रहा था।

# देश के 3.6 लाख गांवों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने निविदा निरस्त

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई भारत ब्रॉडबैंड निगम लिमिटेड (बीबीएनएल) ने 16 राज्यों के 3.6 लाख गांवों को ऑप्टिकल फाइबर आधारित हाई स्पीड ब्रॉडबैंड नेटवर्क से जोड़ने के लिए जारी 19,000 करोड़ रुपए की निविदा को योग्य बोलीदाता नहीं मिलने के कारण रद्द कर दिया है। इस परियोजना को पिछले साल जून में भारतनेट अभियान के तहत मंजूरी दी गई थी। इसके तहत 16 राज्यों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के साथ कुल 29,430 करोड़ रुपए के निवेश से ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क बिछाने की मंजूरी दी गई थी। केंद्र ने इस परियोजना के लिए व्?यवहार्यता-अंतर वित्त पोषण के रूप में 19,041 करोड़ रुपए देने की मंजूरी दी थी। इस परियोजना को नौ हिस्सों में विभाजित किया गया था, और प्रत्येक हिस्से के लिए अलग-अलग निविदाएं जारी की गई थीं। जानकारी के मुताबिक, बीबीएनएल ने नौ निविदाओं में से प्रत्येक के लिए किसी भी बोलीदाता के नहीं आने के कारण इन्हें रद्द करने का फैसला किया गया है। इस संबंध में बीबीएनएल को भेजे गए एक ई-मेल का कोई जवाब नहीं आया। हालांकि एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि कुछ फर्मों ने निविदा के तहत बोली लगाई थी, लेकिन मूल्यांकन के दौरान वे योग्य नहीं पाए गए। नाम न बताने की शर्त पर सूत्र ने कहा ?कि उद्योग से परामर्श के बाद फिर से टेंडर निकाला जाएगा। सरकार गांवों को जल्द से जल्द ब्रॉडबैंड से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

# 2021-22 में 100 अरब डॉलर पार कर सकता कच्चे तेल का आयात बिल

**नई दिल्ली** । चालू वित्त वर्ष 2021-22 में देश के कच्चे तेल का आयात बिल 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करने की आशंका जताई गई है। यह पिछले वित्त वर्ष में कच्चे तेल के आयात पर हुए खर्च का लगभग दोगुना होगा। ?जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें सात साल के उच्चस्तर पर पहुंच गई हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2021-22 के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी में भारत ने कच्चे तेल के आयात पर 94.3 अरब डॉलर खर्च किए हैं। जनवरी में कच्चे तेल के आयात पर 11.6 अरब डॉलर खर्च हुए हैं। पिछले साल जनवरी में भारत ने कच्चे तेल के आयात पर 7.7 अरब डॉलर खर्च किए थे।फरवरी में कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई। ऐसे में अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक भारत का तेल आयात बिल दोगुना होकर 110 से 115 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा। भारत अपने कच्चे तेल की 85 प्रतिशत जरूरत को आयात से पूरा करता हूं। आयातित कच्चे तेल को तेल रिफाइनरियों में वाहनों और अन्य प्रयोगकर्ताओं के लिए पेट्रोल और डीजल जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों में बदला जाता है। भारत के पास अतिरिक्त शोधन क्षमता है और यह कुछ पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है लेकिन रसोई गैस यानी एलपीजी का उत्पादन यहां कम है, जिसे सऊदी अरब जैसे देशों से आयात किया जाता है। वित्त वर्ष 2021-22 के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी में पेट्रोलियम उत्पादों का आयात 3.36 करोड़ टन या 19.9 अरब डॉलर रहा है। दूसरी ओर 33.4 अरब डॉलर के 5.11 करोड़ टन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया गया। भारत ने पिछले 2020-21 के वित्त वर्ष में 19.65 करोड़ टन कच्चे तेल के आयात पर 62.2 अरब डॉलर खर्च किए थे। उस समय कोविड-19 महामारी की वजह से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें नीचे आई थीं।

# एलआईसी में 20 फीसदी तक एफडीआई की अनुमति

मुंबई । सरकार ने आईपीओ लाने की तैयारी में जुटी एलआईसी में स्वचालित मार्ग से 20 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेश निवेश (एफडीआई) की अनुमति दी है। जिससे से देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी के विनिवेश में आसानी होगी। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला किया गया। सरकार ने एलआईसी के शेयरों को आईपीओ के जरिए शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की मंजूरी दे दी है। विदेशी निवेशक इस मेगा आईपीओ में भाग लेने के इच्छुक हो सकते हैं, हालांकि मौजूदा एफडीआई नीति के तहत एलआईसी में विदेशी निवेश का कोई विशेष प्रावधान नहीं है, जो एलआईसी अधिनियम, 1956 के तहत गठित एक सांविधिक निगम है। चूंकि, इस समय एफडीआई नीति के अनुसार सरकारी अनुमोदन मार्ग के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में विदेशी निवेश की सीमा 20 प्रतिशत है, इसलिए एलआईसी और ऐसे अन्य कॉरपोरेट निकायों में 20 प्रतिशत तक विदेशी निवेश को मंजूरी देने का फैसला किया गया।पूंजी जुटाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए इस तरह के एफडीआई को स्वचालित मार्ग के तहत रखा गया है।

# सरसों व सोयाबीन में सुर्खी से खाद्य तेलों में उछाल, दालों में भी आई तेजी

**इन्दौर** । दिसावरी तेजी से आलौच्य सप्ताह के दौरान किराना जिंसों में सौंफ व जीरे में बाजार तेजी के रहे। खाद्य तेलों में जोरदार उछाल आया। सरसो व सोयाबीन में सुर्खी रही। दलहनों में लिवाली से चना व मसूर बाजार उछाल पर रहे।

किराना : शनिवार को समाप्त हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय सियागंज किराना बाजार में कामकाज की मात्रा कम ही रही। महाशिवरात्रि व होली की संयुक्त मॉग चुनिंदा जिंसों में देखी गयी। शक्कर में मॉग सामान्य ही रही। मिलों की लिवाली ठंडी रहने से बाजार नरमी के देखे गये। शक्कर में बाजार 3450-3480 रू. प्रति क्विंटल पर बने रहे। खोपरा गोला में माल की मिलगत कमजोर रहने से बाजार सुस्ती के देखे गये। साबूदाने में महाशिवरात्रि की मॉग विशेष नहीं है। दिसावर से मंदी के समाचारों से बाजार पूर्वस्तर पर मजबूत रहे। आलौच्य सप्ताह के दौरान साबूदाना हल्के मालों में 4350-4400 रुपए . प्रति क्विंटल पर आ गये। जीरे व सौंफ में नये मालों की आवकें शुरू हो गयी है। स्टॉकिस्टों की मॉग ठंडी है, किन्तु स्टॉक कमजोर रहने से सौंफ व जीरे में बाजार जोरदार तेजी पर रहे। जीरे में राजस्थान क्वालिटी माल 230-235 रू. प्रति किलो तक बिक गया। बादाम गिरी में यद्यपि सीजनल मॉग कमजोर पड़ी है, किन्तु आयात महंगा होने से बाजार जोरदार तेजी बनाये हुए है। समीक्षा सप्ताह के दौरान बादाम गिरी में बाजार 650-700 प्रति किलो पर आ गये। नारियलों में मॉग सामान्य से अधिक नहीं है। माल की सप्लाई भी विशेष नहीं है, फिर भी स्टॉक की पर्याप्तता से बाजार पूर्वस्तर पर बने रहे। तरबूज मगज, खसखस में होली व महाशिरात्रि के लिए मॉग रहने से भावों में मजबूती बनी रही।

तेल तिलहन : खाद्य तेलों व तिलहनों में बाजार एक तरफा तेजी के देखे गये। बाजार सूत्रों के अनुसार रूस व यूक्रेन के मध्य युद्ध के चलते सनफ्लॉवर की सप्लाई बाधित है। विश्व बाजार में तेजी की कीमतों में तेजी का वातावरण है। वहीं स्थानीय व्यापार भी इस अवसर का भरपूर लाभ उठा रहे है। परिणाम स्वरूप खाद्य तेलों में आलौच्य सप्ताह के दौरान 80-100 रू. प्रति 10 किलो तक की तेजी दर्ज हुई और सोया तेल रिफाइंड मालों में 1490-1500 रू. प्रति 10 किलो तक बिक गया। तिलहनों में सरसो व रायडे में बाजार पूर्वस्तर पर रहे, किन्तु सोयाबीन में 200-300 रुपए प्रति क्विंटल तक की तेजी आयी।

दाल दलहनः आलौच्य सप्ताह के दौरान दाल-दलहनों में कामकाज सामान्य से अच्छा रहा।

# बिग बॉस के बाद क्या अब 'कांटा लगा' गर्ल शेफाली खतरों से खेलती आएंगी नजर?



बिग बॉस के बाद अब खतरों के खिलाड़ी 11 शुरू होने वाला है जिसका फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे हैं. जबसे शो के शुरू होने की खबर आ रही है तबसे शो को लेकर अपडेट्स आते रहते हैं. कुछ दिनों से इस सीजन के कंटेस्टेंट्स के लिए कुछ सेलेब्स के नाम सामने आए हैं जिसमें अब कांटा लगा गर्ल का नाम सामने आया है. जी हां, कांटा लगा गाने से पॉपुलर शेफाली जरीवाला खतरों के खिलाड़ी 11 में नजर आ सकती हैं. दरअसल, ऐसी खबर है कि शेफाली को शो ती टीम की तरफ से कॉन्टैक्ट करने की कोशिश की है और शेफाली ने भी इसके लिए इंट्रेस्ट दिखाया है. हालांकि अभी कुछ फाइनल नहीं हुआ है तो जैसे ही कुछ फाइनल होगा हम आपको इसकी जानकारी जरूर देंगे. कुछ दिनों पहले उर्वशी ढोलकिया का नाम भी शो के लिए सामने आया है. खबरें ये भी आई थी कि इस शो के लिए उर्वशी ने खुद को फिट रखने के लिए पूरी तैयारी कर ली है. वह खूब एक्सरसाइज कर रही हैं. बिग बॉस 6 और नच बलिए 9 में भाग लेने के बाद उर्वशी कुछ ऐसा काम करना चाहती हैं जिसमें वो खुद को चुनौती दे सके. ऐसे में खतरों के खिलाड़ी उनके लिए एक बेहतर प्लेटफॉर्म साबित हो सकता है. इसी के चलते उन्होंने शो के लिए हामी भरी है. ऐसी रिपोर्ट्स है कि अप्रैल या मई में शो की शूटिंग शुरू हो जाएगी और जून में इस शो को ऑनएयर किया जाएगा. 3 महीने ये शो चलेगा. इसके अलावा हमारे पास जो जानकारी है वो ये कि इस शो के खत्म होने के बाद बिग बॉस के अगले सीजन की शुरुआत हो जाएगी. हर बार इस शो की शूटिंग विदेश में होती थी, लेकिन कोविड की वजह से अभी मेकर्स जगह को लेकर थोड़ा कन्फ्यूज हैं. वो ऐसी जगह देख रहे हैं जहां शूट करना सुरक्षित हो क्योंकि इस शो के लिए काफी बड़ी टीम होती है. तो सभी की सेफ्टी देखते हुए जगह को फाइनल किया जाएगा. वैसे हो सकता है कि इस बार भी शो लास्ट सीजन की तरह बुल्गारिया में हो सकती है. इस सीजन को भी रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे. पिछले कुछ सीजन से रोहित लगातार इस शो को होस्ट कर रहे हैं।

## साइको थ्रिलर फिल्म शीरो में नजर आएंगी सनी लियाने, टीजर रिलीज

बॉलीवुड की बेबी डॉल कही जाने वाली अभिनेत्री सनी लियोन अक्सर अपनी हाटनेस को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। अभिनेत्री की अदाएं उनके चाहने वालों को घायल कर जाती है। बेबी डॉल के



नाम से मशहूर सनी लियोन सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। जिसमें उनके बोल्ड और हॉट अंदाज को लोग भी काफी ज्यादा पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर उनकी कोई भी तस्वीर सामने आती है तो ये इंटरनेट की दुनिया में छाई रहती है। अब इसी बीच अभिनेत्री सनी लियोन ने अपनी अगली फिल्म शीरो का टीजर रिलीज किया है। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभिनेत्री सनी लियोन जल्द ही एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में नजर आने वाली हैं। जिसका टीजर अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। अब तक उनकी फिल्म के टीजर को लाखों लोग देख चुके हैं। अभिनेत्री की फिल्म का टाइटल शीरो हैं जिसका टीचर इन दिनों सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। जिसने भी फिल्म का टीजर देखा है वो अभिनेत्री के अभिनय की तारीफ करता हुआ नजर आ रहा है। अगर हम बात करें फिल्म शीरो के टीजर की तो टीजर को देखकर ये साफ लग रहा है कि, ये एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है। जिसमें अभिनेत्री सनी लियोन मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म के टीजर में आप देख सकते हैं कि इसमें सनी लियोनी दिखाई दे रही हैं और उनके साथ में एक लड़का भी बैठा दिखाई दे रहा है। इस टीजर को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। सस्पेंस से भरी फिल्मों को देखने वाले फिल्म शीरो को काफी पसंद करेंगे।

## अलीजे अग्निहोत्री के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर आया बड़ा अपडेट

बॉलीवुड के गलियारों में नेपोटिज़म को लेकर काफी चर्चा सामने आती ही रहते है। हर साल कई स्टारकिड्स बॉलीवुड के गलियारों में कदम रखते हुए रखते हुए नज़र आते है। हालांकि ज्यादातर स्टारकिड्स को बॉलीवुड में अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला है। लेकिन बॉलीवुड में से नेपोटिज़म की हटाना एक बहुत ही मुश्किल काम है। हर साल कई स्टार किड्स अपनी किस्मत आजमाने आ ही जाते है। वही पिछले कुछ दिनों से बॉलीवुड के दबंग खान सलमान की की भांजी अलीजे अग्निहोत्री के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा तेज़ हो गयी है। बताया जा रहा है की अलीजे अग्निहोत्री बॉलीवुड के जाने माने फिल्म निर्देशक सूरज बड़जात्या की फिल्म से बॉलीवुड के गलियारों में कदम रखने वाली है। जिसको लेकर काफी चर्चा सामने आ रही है।

# करण जौहर की फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखेंगी स्टारकिड शनाया कपूर

फिल्ममेकर करण जौहर की फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखेंगी स्टारकिड शनाया कपूर बॉलीवुड के फेमस स्टारकिड्स की लिस्ट में शुमार अभिनेता संजय कपूर और महिप संधू की बेटी शनाया कपूर बॉलीवुड में डेब्यू के लिए तैयार हैं। कजन सिस्टर जान्हवी कपूर के बाद अब शनाया कपूर भी फिल्ममेकर करण जौहर की फिल्म से बॉलीवुड में बतौर अभिनेत्री कदम रखेंगी। इसकी जानकारी खुद करण जौहर ने सोशल



मीडिया पर शनाया की कुछ सेंसुअस तस्वीरों को शेयर करते हुए दी। इन तस्वीरों को ट्विटर पर साझा करते हुए करण ने लिखा-डीसीए स्चॉड में स्वागत है शनाया। इस जुलाई धर्मा मूवीज के साथ शुरू हो रहा तुम्हारा पहली फिल्म का सफ़र यादगार और रोमांचक होने वाला है। बॉलीवुड के फेमस स्टारकिड्स की लिस्ट में शुमार अभिनेता संजय कपूर और महिप संधू की बेटी शनाया कपूर बॉलीवुड में डेब्यू के लिए तैयार हैं। कजन सिस्टर जान्हवी कपूर के बाद अब शनाया कपूर भी फिल्ममेकर करण जौहर की फिल्म से बॉलीवुड में बतौर अभिनेत्री कदम रखेंगी। इसकी जानकारी खुद करण जौहर ने सोशल मीडिया पर शनाया की कुछ सेंसुअस तस्वीरों को शेयर करते हुए दी। इन तस्वीरों को ट्विटर पर साझा करते हुए करण ने लिखा-डीसीए स्चॉड में स्वागत है शनाया। इस जुलाई धर्मा मूवीज के साथ शुरू हो रहा तुम्हारा पहली फिल्म का सफ़र यादगार और रोमांचक होने वाला है। गौरतलब है, करण जौहर ने हाल ही में टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी शुरु की है, जिसे शनाया कपूर ने भी ज्वाइन किया है। करण इसे डीसीए स्चॉड कहते हैं। शनाया कपूर अपनी डेब्यू को लेकर काफी उत्साहित और खुश हैं। वहीं शनाया के बॉलीवुड में डेब्यू की पुष्टि करने की खबर सामने आने के बाद से फैंस के साथ -साथ मनोरंजन जगत की तमाम हस्तियां शनाया को उनकी इस नई जर्नी के लिए बधाई दे रही हैं। इसके साथ ही हर कोई शनाया की इस फिल्म के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहता है। लेकिन, फिलहाल इस फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। गौरतलब है शनाया कपूर बॉलीवुड में बतौर अभिनेत्री डेब्यू करने से पहले जान्हवी कपूर की फिल्म गुंजन सक्सेना में असिस्टेंट के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की। इसके अलावा वह वेब सीरीज लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में नजर आ चुकी हैं।

# सोनाक्षी सिन्हा के हाथ लगा ये दो दमदार प्रोजेक्ट, जल्द करेंगी डिजिटल डेब्यू

बॉलीवुड की दबंग गर्ल कही जाने वाली अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा फिल्म इंडस्ट्री में एक बड़ा नाम बनाने के बाद आप जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी अपने करियर की शुरुआत करने जा रही है। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अब सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही डिजिटल डेब्यू करने वाली है। सोनाक्षी सिन्हा ओटीटी प्लेटफार्म पर जल्द ही रिलीज होने वाली एक वेब सीरीज में नजर आने वाली है। इस वक्त कि आई ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि सोनाक्षी सिन्हा मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो की एक अनटाइटल्ड वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं। जिसमें सोनाक्षी सिन्हा एक पुलिस ऑफिसर के





रोल में नजर आने वाली हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने महिला दिवस के मौके पर अपनी वेब सीरीज से पहला लुक शेयर किया था। जिसको लोगों द्वारा भी काफी पसंद किया गया था। अब आई ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही अमेज़न प्राइम वीडियो की एक वेब सीरीज के अलावा एक और बड़ा प्रोजेक्ट हाथ लगा है। अमेज़न प्राइम वीडियो के अनटाइटल वेब सीरीज के अलावा जल्दी सोनाक्षी सिन्हा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की अगली फिल्म गोरी तेरे प्यार में भी नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनका मुख्य किरदार होगा। ये एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। जिसमें अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा कॉमेडी का तड़का लगाते हुए दिखाई देंगी। हालांकि सोनाक्षी सिन्हा की इस ओटीटी फिल्म का आधिकारिक ऐलान भी जल्द ही किया जा सकता है।

## अगली फिल्म में गैंगस्टर का रोल निभाएंगे अभिनेता ऋतिक रोशन, आ रही ऐसी खबरें




बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता ऋतिक रोशन आने वाले दिनों में कई फिल्मों से धमाका करने वाले है। जिसकी तैयारी अभिनेता पिछले काफी समय से कर रहे हैं। अब इसी बीच एक और बड़ी खबर ऋतिक रोशन को लेकर सामने आ रही है। जिसमें ये कहा जा रहा है कि अभिनेता ऋतिक रोशन आने वाले दिनों में तमिल फिल्म विक्रम वेदा के हिंदी रीमेक में नजर आने वाले हैं। खबरों के अनुसार अभिनेता ऋतिक ने इस फिल्म के हिंदी रीमेक के लिए हां कर दी है और वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू करने वाले हैं। ऋतिक रोशन की अगली फिल्म को लेकर कई तरह की खबरें सामने आ रही है। खबरों में ये भी दावा किया जा रहा है कि ऋतिक ने अपनी अगली फिल्म के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उन्होंने फिल्म को साइन तक कर लिया है। अभिनेता विक्रम के हिंदी में एक में नजर आने वाले है। ऋतिक ने फिल्म की पिछले 2 महीने से ही तैयारी भी कर रहे थे। तमिल फिल्म का निर्देशन पुष्कर और गायत्री ने किया था। फिल्म विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक में ऋतिक रोशन एक गैंगस्टर के रोल में दिखाई देने वाले हैं। ये एक हिंदी थ्रिलर फिल्म होगी। जिसमें अभिनेता ने अपने भाषा, लुक और बॉडी लैंग्वेज पर भी काम किया है।

# ध्वनि भानुशाली का नया सॉन्ग हुआ रिलीज



फिल्मो और वेब सीरीज की तरह कई गानो को लेकर चर्चा सामने आती ही रहती है। आज के वक्त में यूट्यूब पर कई गाने रिलीज हो रहे है जिन्हे लोग काफी पसंद कर रहे है। सोशल मीडिया पर ये गाने वायरल होते ही रहते है। वही इंटरनेट पर वायरल गायक ध्वनि भानुशाली अपने गानको लेकर काफी चर्चा में रहती है। ध्वनि भानुशाली के कई गाने इंटरनेट पर काफी जबरदस्त तरीके से वायरल होते ही रहते है। वही हाल ही में ध्वनि भानुशाली का एक और नया गाना इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रहा है। इस गाने का नाम है राधा। इस गाने में कुणाल वर्मा और अभिजीत वाघणी नज़र आ रहे है। अभिजीत वाघणी ने इस गाने को कंपोज़ किया है। इस गाने का निर्देशन करना कपाडिया ने लिया है। ये गाना लोगो को काफी पसंद आ रहा है। वही रिस्पॉन्स की बात की जाए तो इस गाने पर अब तक 4 लाख से ज्यादा व्यूज आ चुके है वही 1 लाख से ज्यादा लोगो ने इस गाने को लाइक लिया है। इस गाने को टी सीरीज के बैनर टेल बनाया गया है। वही ध्वनि भानुशालीका लुक काफी अलग नज़र आ रहा है। सोशल मीडिया पर ये गाना काफी चर्चा में है। इस गाने में ध्वनि भानुशाली का लुक और ये गाना आपको कैसा लगा और अब तक आपने इस गाने को आपने सुन्ना या फिर नहीं निचे कमेंट करके जरूर बताएं।

# आइसक्रीम खाने से शरीर को मिलते हैं कई फायदे, जानकर हैरानी होगी



मौसम कोई भी आइसक्रीम खाने तो मजा ही कुछ और है। आइसक्रीम कई प्रकार के फ्लेवर में आती है जिसका टेस्ट बहुत यम्मी-यम्मी स्वाद होता है और आइसक्रीम का नाम सुनते ही बच्चों से लेकर बडों तक के मुंह में पानी आ जाता है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आइसक्रीम हमारी सेहत के लिए बहुत लाभकारी है। आइसक्रीम में विटामिन, कैल्शियम व प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। एक रिसर्च के अनुसार सुबह-सुबह नाश्ते में आइसक्रीम खाना दिमाग के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। ये अध्ययन क्योरीन यूनिवर्सिटटी के प्रोफेसर कोगा के सहयोग से की गई। जिसमें कहा गया है कि सुबह उठकर आइसक्रीम खाने से मानसिक तौर पर तनाव कम देखा गया। रिसर्च में एक ऐसे व्यक्ति के दिमाग की सक्रियता की तुलना की जिसे तुरंत सुबह उठने के बाद आइसक्रीम दी गई। इसके अलावा एक ऐसे व्यक्ति के ब्रेन की गतिविधियों को भी देखा गया जिसे सुबह नाश्ते में आइसक्रीम नहीं दी गई। अध्ययन में पता चला कि जिस व्यक्ति को सुबह आइस्क्रीम दी गई थी उसकी सक्रियता बेहतर थी।

**प्रोटीन-** मिल्क के अन्य उत्पादों की तरह आइसक्रीम प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत है। प्रोटीन से बॉडी के हर पाटर्स..मांसपेशियां, त्वचा, हड्डियों, ब्लड के लिए लाभ होता है। प्रोटीन खाने से ऊतक और मांसपेशियां स्ट्रॉन्ग होती है।

**विटामिन स्त्रोत-**आइसक्रीम में विटामिन ए, बी-2 और बी-12 खूब पाये जाते हैं। विटामिन ए, स्किन, बॉन्स, रोगप्रतिरोधक क्षमता के लिए बेस्ट होता है। विटामिन ए आंखों की रोशनी बढाता है। विटामिन ए से मजबूत हडिड्यां, स्वस्थ त्वचा, स्वस्थ दांत, व आंखें, बाल की देखभाल विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है इसकी एक संतुलित मात्रा शरीर में जानी चाहिए, क्योंकि यह शरीर में एकत्र होता रहता है यदि हमारे शरीर में विटामिन ए की अधिक मात्रा ऊतकों को आक्सीराइज्ड करती है।

गर्मी में सनस्क्रीन लोशन खरीदते समय ध्यान रखें ये बातें, त्वचा को नहीं होगा नुकसान

गर्मी का सीजन शुरू होने वाला है और ऐसे धुप में निकलने से पहले आप सनस्क्रीन लोशन लगाना पसंद करते हैं, खासकर लड़कियां इस बात का ध्यान रखती हैं ताकि



उनकी स्किन पर टैनिंग ना पड़ जाये। लेकिन आप धुप से बचने के लिए लोशन का इस्तेमाल तो करती हैं लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरुरी है। कभी-कभी लड़कियां सही जानकारी ना होने के कारण गलत सनस्क्रीन लोशन खरीदती हैं। जिससे उनकी त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। सूरज की हानिकारक किरणें जब हमारे शरीर पर पड़ती हैं तो त्वचा काली होने लगती है। आज हम बताने जा रहे हैं कुछ ऐसे ही टिप्स जिन्हें आपको जानकारी मिलेगी..... अगर आपकी त्वचा ऑयली है तो आप हमेशा स्प्रे और जेल सनस्क्रीन लोशन का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा ऑयली नहीं होगी। हमेशा ऐसी सनस्क्रीन लोशन खरीदें जो आपकी त्वचा को नेचुरल लुक दे और साथ ही आपकी त्वचा के चिपचिपापन और पसीने को भी रोक सके। सूरज की यूवीए और यूवी किरणों के प्रभाव से त्वचा को बचाने के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूरी होता है। इससे त्वचा काली नहीं पड़ती है और टैनिंग की समस्या से भी छुटकारा मिलता है।

## संकट में नागरिक

यूक्रेन हमले के बीच फंसे 490 भारतीय छात्रों को रोमानिया और हंगरी के रास्ते भारत लाया गया। रोमानिया से एअर इंडिया के विमान ने शनिवार रात 9.30 बजे उड़ान भरी और रविवार तड़के करीब 3 बजे यह दिल्ली पहुंचा। हंगरी के बुडापेस्ट से भी एक विमान रविवार को आया, इसमें 240 भारतीय सवार थे। अब तक कुल 709 छात्र यूक्रेन से रेस्क्यू किए गए हैं। फ्लाइट में सवार छात्रों ने खुशी जाहिर की और भारत माता की जय के नारे लगाए। इसके पहले शनिवार रात 8 बजे 219 भारतीय छात्रों को लेकर एअर इंडिया का विमान मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। यूक्रेन में हमलों के बीच फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा गंभीर चिंता का विषय बन गई है। 16 हजार से ज्यादा भारतीय नागरिक इस वक्त वहां हैं। इनमें वहां पढ़ने गए भारतीय विद्यार्थियों की संख्या भी खासी है। ऐसे में इनके परिजनों का परेशान होना स्वाभाविक है। लगातार मिसाइलों के धमाकों, गोलियों की आवाज और टैंकों की गडग़ड़ाहट के बीच ये भारतीय नागरिक जिस संकट और मानसिक वेदना से गुजर रहे हैं, उसकी कल्पना भर से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। विद्यार्थी अपने परिजनों को जो वीडियो भेज रहे हैं, उससे पता चलता है कि किस तरह ये लोग पल-पल काट रहे होंगे! हमलों से बचाव के लिए लोगों को छोटे-छोटे बंकरों में रखा गया है। खाने-पीने के सामान के लाले पड़ रहे हैं। मार्शल ला लग जाने के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर गया है। किसको पता कि कहां मिसाइलें गिरेंगी? कहने को यूक्रेन में भारतीय दूतावास सक्रिय है और अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के अभियान में दिन-रात जुटा है। पर वहां जिस तरह के हालात हैं, उसमें दूतावास के लिए इतने सारे भारतीयों की सुरक्षा और उन्हें स्वदेश भेजना कठिन काम है। हालांकि दूतावास ने कई दिन पहले परामर्श जारी कर भारतीयों को अस्थायी रूप से यूक्रेन छोड़ने को कह दिया था। इसके बाद बीस हजार लोगों ने वापसी के लिए आनलाइन पंजीकरण करवाया था। इनमें से अब तक सिर्फ चार हजार लोग ही लौट पाए हैं। वैसे हर कोई इस उम्मीद में रहा होगा कि युद्ध टल जाएगा। पर अब यूक्रेन ने दूसरे देशों के यात्री विमानों के लिए अपने हवाई मार्ग बंद कर दिए हैं। ऐसे में विदेशी विमान वहां जा नहीं सकते। दो दिन पहले भारत का एक विमान कीव के लिए गया भी था, लेकिन उतरने की इजाजत नहीं मिलने से खाली दिल्ली लौट आया। इसलिए भारतीयों को अब पहले सड़क मार्ग से हंगरी और रोमानिया ले जाया जा रहा है और फिर वहां से भारत के विमान इन्हें लेकर स्वदेश पहुंचेंगे। यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए भारत की सरकार देर से चेती। सरकार जो कदम अब उठा रही है, वे अगर एक पखवाड़े पहले उठा लिए जाते तो आज जैसा हाहाकार नहीं मचता। ऐसा भी नहीं कि सरकार को इस बात का अनुमान नहीं रहा होगा कि यूक्रेन में आने वाले दिन कैसे होंगे। युद्ध की आशंका को लेकर अमेरिका सहित कई पश्चिमी देश तो पहले ही अपने नागरिकों को बचाने के काम में जुट गए थे। सवाल है कि हम आखिर किस इंतजार में बैठे रहे? हालांकि ऐसे ही संकट भरे दौर में भारत ने पहले भी दूसरे देशों से अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी करवाई है। पिछले साल तालिबान के सत्ता हथियाने के बाद अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों का मामला रहा हो या इराक में फंसे अपने नागरिकों को बचाने का अभियान हो, सरकार ने इन कामों को बखूबी किया था। तीन दशक पहले जब इराक ने जब कुवैत पर हमला कर दिया था, तब भी कुवैत में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया था। ऐसा नहीं कि हमारे पास तजुर्बे या संसाधनों का अभाव है, पर नीतिगत स्तर पर होने वाले फैसलों में देरी से जो सवाल खड़े हो रहे हैं, उन्हें तो नजरअंदाज नहीं किया जा सकता!

# शिव साधना का महान पर्व महाशिवरात्रि!

**श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

शिवरात्रि का पावन पर्व शिव साधना से परमात्मा शिव को खुश करके उनकी कृपा प्राप्त कर अपनी मनोकामना की पूर्ति करना है। यह वह दिन है जब सभी साधक भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए पूजा अर्चना करते हैं। इस साल महाशिवरात्रि 1 मार्च को मनाई जा रही है। शिवरात्रि के दिन लोग मंदिर जाते हैं और वहाँ जाकर शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं। इसी के साथ सभी साधक अपने-अपने तरीकों से भगवान शिव को साधना का प्रयास करते हैं। शिव की पूजा के समय खास रंग के कपड़े पहनने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती है। इस शिवरात्रि कौन से रंग के कपड़े आपकी पूजा को सफल बना सकते हैं।

भगवान शिव की आराधना के समय हरे रंग के कपड़े धारण करना शुभ माना जाता है। इसी के साथ अगर आप हरे रंग के साथ सफ़ेद रंग के वस्त्र भी धारण करते हैं तो यह अधिक लाभदायक होगा। जी दरअसल ऐसी मान्यता है कि भोले बाबा को सफ़ेद और हरा रंग बहुत प्रिये होता है इसलिए शिवरात्रि के दिन शिव जी को चढ़ाये हुए फूल और बेल-धतूरा सफ़ेद और हरे रंग के ही होते हैं।

इसी के साथ शिवरात्रि के दिन हरे रंग को धारण करना बहुत शुभ मन जाता है। वहीं अगर आपके पास हरे या सफ़ेद रंग के वस्त्र नहीं हैं तो आप लाल, केसरिया, पीला, नारंगी तथा गुलाबी रंग के वस्त्र धारण कर के भोले बाबा की आराधना कर सकते हैं। ध्यान रहे भगवान शिव को काला रंग बिलकुल भी प्रिये नहीं होता। दरअसल काला रंग अंधकार और भसम का प्रतीक होता है इसलिए कभी भी शिवरात्रि के दिन काले रंग के वस्त्र न धारण करें। आपको बता दें कि काले वस्त्रों के साथ काला दुपट्टा, बिंदी, चूड़ियां भी नहीं पहनना चाहिए। वहीं अगर आप भगवान शिव को अपनी श्रद्धा और आराधना से प्रसन्न करना चाहते हैं तो शिवरात्रि के दिन काले रंग का त्याग कर दें। महाशिवरात्रि पर्व शिव और शक्ति के मिलन का पर्व माना जाता है। वैसे तो प्रत्येक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को ये पर्व मनाया जाता है। लेकिन फाल्गुन महीने में आने वाली मासिक शिवरात्रि सबसे खास होती है जिसे महा शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। शिव भक्तों के लिए ये दिन काफी खास होता है। इस साल ये पर्व 1 मार्च को मनाया जा रहा है।महाशिवरात्रि 1 मार्च को सुबह 3 बजकर 16 मिनट से शुरू होकर 2 मार्च को सुबह 10 तक रहेगी।

**पहला प्रहर का मुहूर्तः**1 मार्च शाम 6 बजकर 21 मिनट से रात्रि 9 बजकर 27 मिनट तक है।

**दूसरे प्रहर का मुहूर्तः** 1 मार्च रात्रि 9 बजकर 27 मिनट से 12 बजकर 33 मिनट तक है।

**तीसरे प्रहर का मुहूर्तः** 1 मार्च रात्रि 12 बजकर 33 मिनट से सुबह 3 बजकर 39 मिनट तक है।

**चौथे प्रहर का मुहूर्तः** 2 मार्च सुबह 3 बजकर 39 मिनट से 6 बजकर 45 मिनट तक है।

**पारण समयः** 2 मार्च को सुबह 6 बजकर 45 मिनट के बाद है।सनातन धर्म के अनुसार शिवलिंग स्नान के लिये रात्रि के प्रथम प्रहर में दूध, दूसरे में दही, तीसरे में घृत और चौथे प्रहर में मधु, यानी शहद से स्नान कराने का विधान है. इतना ही नहीं चारों प्रहर में शिवलिंग स्नान के लिये मंत्र भी अलग हैं।

प्रथम प्रहर में: 'ह्रीं ईशानाय नमः'
दूसरे प्रहर में: 'ह्रीं अघोराय नमः'
तीसरे प्रहर में: 'ह्रीं वामदेवाय नमः'
चौथे प्रहर में: 'ह्रीं सद्योजाताय नमः'।। मंत्र का जाप करना चाहिए।एक साल में कुल 12 शिवरात्रि आती हैं, लेकिन फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन भगवान शिव और शक्ति का मिलन हुआ था। वहीं ईशान संहिता के अनुसार फाल्गुन मास की चतुर्दशी तिथि को भोलेनाथ दिव्य ज्योर्तिलिंग के रूप में प्रकट हुए थे। शिवपुराण में उल्लेखित एक कथा के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था और भोलेनाथ ने वैराग्य जीवन त्याग कर गृहस्थ जीवन अपनाया था। इस दिन विधिवत आदिदेव महादेव की पूजा



अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है व कष्टों का निवारण होता है।अमावस्या से एक दिन पूर्व, हर चंद्र माह के चौदहवें दिन को शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। एक कैलेंडर वर्ष में आने वाली सभी शिवरात्रियों के अलावा फरवरी-मार्च माह में महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इन सभी में से महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व सबसे ज्यादा है। इस रात, ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध कुछ ऐसी स्थिति में होता है कि मनुष्य में ऊर्जा सहज ही ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक जाने में सहायता करती है। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए ही, इस परंपरा में हमने इस पूरी रात चलने वाले उत्सव की स्थापना की। इस उत्सव का एक सबसे मुख्य पहलू ये पक्का करना है कि प्राकृतिक ऊर्जाओं के प्रवाह को अपनी दिशा मिल सके। इसलिए आप अपनी रीढ़ की हड्डी सीधी रखते हुए जागते रहते हैं।आध्यात्मिक पथ पर चलने वालों के लिए महाशिवरात्रि का पर्व बहुत महत्वपूर्ण है। पारिवारिक परिस्थितियों में जी रहे लोगों तथा महत्वाकांक्षियों के लिए भी यह उत्सव बहुत महत्व रखता है। जो लोग परिवार के बीच गृहस्थ हैं, वे महाशिवरात्रि को शिव के विवाह के उत्सव के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाओं से घिरे लोगों को यह दिन इसलिए हत्वपूर्ण लगता है क्योंकि शिव ने अपने सभी शत्रुओं पर विजय पा ली थी।

साधुओं के लिए यह दिन इसलिए महत्व रखता है क्योंकि वे इस दिन कैलाश पर्वत के साथ एकाकार हो गए थे। वे एक पर्वत की तरह बिल्कुल स्थिर हो गए थे। यौगिक परंपरा में शिव को एक देव के रूप में नहीं पूजा जाता,, वे आदि गुरु माने जाते हैं जिन्होंने ज्ञान का शुभारंभ किया। ध्यान की अनेक सहस्राब्दियों के बाद, एक दिन वे पूरी तरह से स्थिर हो गए। वही दिन महाशिवरात्रि था। उनके भीतर की प्रत्येक हलचल शांत हो गई और यही वजह है कि साधु इस रात को स्थिरता से भरी रात के रूप में देखते हैं। यौगिक परंपरा के अनुसार इस दिन और रात का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इस दिन आध्यात्मिक जिज्ञासु के सामने असीम संभावनाएँ प्रस्तुत होती हैं। आधुनिक विज्ञान अनेक चरणों से गुज़रते हुए, उस बिंदु पर आ गया है, जहाँ वे ये प्रमाणित कर रहे हैं - कि आप जिसे जीवन के रूप में जानते हैं, जिसे आप पदार्थ और अस्तित्व के तौर पर जानते हैं, जिसे ब्रह्माण्ड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं, वह केवल एक ऊर्जा है जो अलग-अलग तरह से प्रकट हो रही है।

यह वैज्ञानिक तथ्य ही प्रत्येक योगी का भीतरी अनुभव होता है। योगी शब्द का अर्थ है, ऐसा व्यक्ति जिसने अस्तित्व की एकात्मकता का एहसास पा लिया हो। जब मैं 'योग' शब्द का प्रयोग करता हूँ तो मैं किसी एक अभ्यास या तंत्र की बात नहीं कर रहा। उस असीमित को जानने की हर प्रकार की तड़प, अस्तित्व के उस एकत्व को जानने की इच्छा - योग है। महाशिवरात्रि की वह रात, उस अनुभव को पाने का अवसर भेंट करती है।हम सत्यम,शिवम,सुंदरम को आत्मसात कर स्वयं को आत्म बोध में स्थापित कर परमात्मा से अपनी लौ लगाये।यह लौ हमारे अंदर के विकारों से हमे मुक्त कर हमारे कल्याण का माध्यम बनती है।युग परिवर्तन के लिए भी परमात्मा शिव हमे संगम युग मे ईश्वरीय ज्ञान प्राप्ति कराकर कलियुग से सतयुग में लाने के लिए यज्ञ रचते है।जिसमे स्त्री शक्ति का पोषण कर उन्हें युग परिवर्तन के निमित्त बनाया जाता है।

## दीर्घजीवी होती है विनम्रता


एक साधु बहुत बूढ़े हो गए थे। उनके जीवन का आखिरी क्षण आ पहुंचा। आखिरी क्षणों में उन्होंने अपने शिष्यों और चेलों को पास बुलाया। जब सब उनके पास आ गए, तब उन्होंने अपना पोपला मुंह पूरा खोल दिया और शिष्यों से बोले- 'देखो, मेरे मुंह में कितने दांत बच गए हैं?' शिष्यों ने उनके मुंह की ओर देखा। कुछ टटोलते हुए वे लगभग एक स्वर में बोल उठे- 'महाराज आपका तो एक भी दांत शेष नहीं बचा। शायद कई वर्षों से आपका एक भी दांत नहीं है' साधु बोले-'देखो, मेरी जीभ तो बची हुई है' सबने उत्तर दिया- 'हां, आपकी जीभ अवश्य बची हुई है' इस पर साधू ने कहा- 'पर यह हुआ कैसे? मेरे जन्म के समय जीभ थी और आज मैं यह चोला छोड़ रहा हूं तो भी यह जीभ बची हुई है। ये दांत पीछे पैदा हुए, ये जीभ से पहले कैसे विदा हो गए? इसका क्या कारण है, कभी सोचा?' शिष्यों ने उत्तर दिया-'हमें मालूम नहीं। महाराज, आप ही बतलाइए' उस समय मृदु आवाज में संत ने समझाया - यही रहस्य बताने के लिए मैंने तुम सबको इस बेला में बुलाया है। इस जीभ में माधुर्य था, मृदुता थी और खुद भी कोमल थी, इसलिए वह आज भी मेरे पास है, परंतु मेरे दांतों में शुरू से ही कठोरता थी, इसलिए वे पीछे आकर भी पहले खत्म हो गए, अपनी कठोरता के कारण ही ये दीर्घजीवी नहीं हो सके। दीर्घजीवी होना चाहते हो तो कठोरता छोड़ो और विनम्रता सेखो।

# धर्मगुरुओं के 'राजनैतिक फ़तवे'

**निर्मल रानी**

विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते यहाँ लोकतान्त्रिक तरीक़े से होने वाले आम चुनाव हमेशा ही पूरे विश्व के लिये कौतूहल का विषय होते हैं। समय समय पर इस विराट एवं अद्भुत चुनावी प्रक्रिया को क़रीब से देखने व समझने के लिये विदेशों से भी वहां के संसदीय प्रतिनिधिमंडल तथा अंर्तराष्ट्रीय चुनावी विशेषज्ञ आते रहते हैं। परन्तु सवाल यह उठता है कि क्या हमारे देश के शत प्रतिशत मतदाता वास्तव अपने अपने मताधिकार का प्रयोग पूरी स्वतंत्रता व स्वविवेक के साथ करते हैं ? क्या भारतीय मतदाताओं का एक बड़ा अर्थात निर्णयकारी वर्ग वास्तव में जनसमस्याओं, देश की प्रगति, विकास, सड़क, बिजली, पानी, उद्योग, रोज़गार, स्वास्थ्य, मंहगाई जैसे मुद्दों को सामने रखकर ही मतदान करता है ? और यदि जनता स्वविवेक से मतदान करती है, उसपर किसी तरह का धर्म-जाति-पंडित-गुरु-अथवा मौलवी के फ़तवों का प्रभाव नहीं होता फिर आख़िर देश की संसद व विधानसभाओं में सांप्रदायिक, अपराधी, जातिवादी, निठल्ले, अशिक्षित, भ्रष्ट, स्वार्थी, विचारविहीन, व लुटेरी प्रवृति के लोग विभिन्न सदनों में कैसे पहुँच जाते हैं?

सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सियन लूंग ने गत 15 फ़रवरी को सिंगापुर की संसद में एक टिप्पणी की। ली सियन लूंग ने कहा था कि %नेहरू का भारत अब ऐसा बन गया है, जहां मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लोकसभा के आधे से अधिक सांसदों के विरुद्ध बलात्कार, हत्या जैसे आरोपों सहित अनेक आपराधिक मामले लंबित हैं। हालांकि यह भी कहा जाता है कि इसमें से कई आरोप राजनीति से प्रेरित हैं.%। ली सियन लूंग ने इज़राईल में चल रही राजनैतिक अस्थिरता का भी ज़िक्र किया। उनके द्वारा इज़राइली नेता वे डेविड बेन-गुरियन व भारत के जवाहरलाल नेहरू का ज़िक्र समयानुसार राजनीति व राजनेताओं के तुलनात्मक स्तर के सन्दर्भ में किया गया था। इसमें कोई शक नहीं कि विश्व के अधिकांश देश उच्च आदर्शों और महान मूल्यों के आधार पर स्वतंत्र अथवा स्थापित हुए हैं। ऐसे में राजनीति के वर्तमान विश्व स्तरीय पतन काल पर किसी भी संवेदनशील व्यक्ति विशेषकर गंभीर राजनेताओं का चिंतित होना स्वाभाविक है। हालाँकि



भारतीय विदेश मंत्रालय ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद दिल्ली में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉन्ग को बुलाया और ली सियन लूंग के उपरोक्त वक्तव्य पर आपत्ति व असहमति जताते हुये कहा कि भारत के संबंध में ली सीन लूंग का यह बयान को ग़ैर-ज़रूरी और अस्वीकार्य है।

परन्तु क्या भारतवासियों के लिये यह सोचना व चिंतन करना ज़रूरी नहीं कि विदेशी नेताओं को आख़िर भारत की वर्तमान राजनैतिक दुर्दशा पर ऊँगली क्योंकर उठानी पड़ती है? किसी कड़वे सच को अस्वीकार करने के बजाये क्या हमें आत्म चिंतन व आत्मावलोकन करने की ज़रुरत नहीं ? क्या सिंगापुर के प्रधानमंत्री ने जो भी कहा वह पूरी तरह तथ्यहीन है ? क्या विदेश मंत्रालय के ग़ैर-ज़रूरी और अस्वीकार्य कह देने मात्र से हमारे देश के अपराधी व अपराधों के आरोपी राजनेताओं की छवि उज्जवल हो जायेगी ? क्या इससे ज़्यादा ज़रूरी यह नहीं कि हम इस बात को लेकर आत्ममंथन करें कि हम कैसे अपनी इस कलंकपूर्ण चुनाव व्यवस्था को रोकने के लिये सख़्त क़दम उठायें ? क्या मंदिर - मस्जिद, हिन्दू-मुसलमान, धर्म जाति, ऊंच नीच, क्षेत्र, भाषा, गाय, लव जिहाद, हिजाब, वन्देमातरम, क़ब्रिस्तान, शमशान, जिन्ना, औरंगज़ेब जैसे मुद्दों को आगे रखकर लड़े जाने वाले चुनाव व इन्हीं मुद्दों को गरमा व भ्रमा कर चुनाव जीतने वाले जनप्रतिनिधियों से हमें यह उम्मीद करनी चाहिये कि वे जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर भी काम करेंगे ? राजनेताओं के भाषण भी ऐसे होने लगे हैं गोया वे अपने राजनैतिक प्रतिद्वंदी को अपना व्यक्तिगत दुश्मन मानने लगे हों। कोई किसी को आतंकवादी बता रहा है तो कोई चुनाव के बाद गर्मी निकालने की धमकी दे रहा है। कोई बुलडोज़र चलाने की बातें कर रहा है। कोई पाकिस्तान भेज रहा है तो कोई बंगाल, कश्मीर व केरल से तुलना कर सांप्रदायिकता का भ्रमपूर्ण भय पैदा कर रहा है। हमारे देश में विभिन्न धर्मों व जातियों में तथाकथित राजनैतिक धर्मगुरुओं की भी भरमार है। इनमें तमाम ऐसे हैं जो सत्ता के क़रीब भी रहना चाहते हैं और सत्ता से लाभ भी उठाना चाहते हैं और उठाते रहते हैं। प्रायः देखा गया है कि यह धर्म गुरु अपने अनुयायियों को निर्देश अथवा फ़तवे जारी करते रहते हैं।

# कहो तो कह दूँ - 'वादे पे तेरे मारा गया, बन्दा मैं सीधा साधा, वादा तेरा वादा'

### सूडोकु नवताल- 5997

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5996 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

**चैतन्य भट्ट**

किसी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगा दी है जिसमें कहा गया है कि जो भी राजनैतिक दल मतदाताओं से लुभावने वादे करते हैं और पूरा नहीं करते उनके चुनाव चिन्ह जब्त कर लिए जाएँ , अब आप ही बताओ यदि ऐसा होने लगा तो तमाम राजनैतिक दलों के चुनाव चिन्ह ही जब्त हो जाएंगे, फिर चुनाव कौन लड़ेगा और मतदाता किसको वोट देंगे द्य अरे भाई दुनिया ही वादों पर टिकी है वादे न होते तो क्या होता, वैसे भी जो भी राजनैतिक दल चुनाव जीतने के लिए वादे करता है उसमें उसका क्या जाता है, उन वादों को पूरा करने के लिए उनकी जेब से तो धेला भी नहीं लगता, जनता का पैसा होता है और जनता के लिए खर्चा हो जाता है यानी तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा फिर दूसरी बात यदि नेता वादे नहीं करेंगे तो चुनाव कैसे जीतेंगे सारे चुनाव झूठे वादों पर ही तो टिके रहते हैं द्य राजनेताओं को भी मालूम है कि वे जो वादे कर रहे है उनको पूरा होना नहीं है और जनता भी जानती है की उसे बेबकूफ बनाया जा रहा है लेकिन वो बेचारी करे तो क्या करे उसके पास कोई दूसरा सब्सिट्यूट भी तो नहीं है चुनना इनमें से किसी एक को ही है सो जो ज्यादा लुभावने वादे कर देता है जनता उसी तरफ दौड़ लगा देती है द्य जंहा तक वादों का सवाल है सारी दुनिया वादों पर ही जिन्दा है द्य पति पत्नी शादी के दौरान एक दूसरे से वादा करते हैं कि सात जन्मों तक एक दूसरे का साथ निभाएंगे लेकिन एक जनम में ही एक दूसरे से ऐसे ऊब जाते है कि एक जनम



ही तय करने में उन्हें अपनी नानी याद आने लगती है द्य डाक्टर मरीज से वादा करता है कि तुम बच जाओगे लेकिन दूसरे ही दिन उसका राम नाम सत्य हो जाता है , बिल्डर खरीददार से वादा करता है कि वो कालोनी में सड़क, स्वीमिंग पूल, गार्डन बना कर देगा लेकिन मकान और प्लाट बिकते ही ऐसा गायब होता है जैसे गधे के सर से सींगद्य बाप से बेटा वादा करता है कि वो बड़ा होकर उसकी सेवा करेगा पर बुढ़ापा आते ही बाप को वृद्धाश्रम के दरवाजे पर दस्तक देना पड़ती है वादों पर तो फ़िल्मी गीतकारों ने कई गीत ही लिखे हैं मसलन ताजमहल का गीत जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा हाथ की सफाई का ये गीत वादा करले साजना तेरे बिन मैं न रहूँ मेरे बिना तू न रहे दूसरी तरफ ये भी कहा जा रहा है क्या हुआ तेरा वादा वो कसम वो इरादाद्य फिल्म कारवां का गाना तो आज भी लोगों की जुबान पर चढ़ा है कितना प्यारा वादा है इन मतवाली आँखों का लेकिन राजनेताओं और जनता के बीच जो गाना सबसे ज्यादा फिट होता है जो जनता नेताओ को देख कर गाती है वो हैं दुश्मन का गीत हो मैं तुझसे प्यार करूँ, ये दिल निसार करूँ मगर कैसे ऐतबार करूँ झूठा हैं तेरा वादा, वादे पे तेरे मारा गया बन्दा मैं सीधा साधा, वादा वादा तेरा वादा

तू प्यार है किसी और का तुझे चाहता कोई और है

एक बड़ा मशहूर गाना है तू प्यार है किसी और का तुझे चाहता कोई और है ये गीत हाल ही में साध्वी उमा भारती के बयान पर पूरी तरह से फ़िट बैठता है द्य एक कार्यक्रम में उनका दर्द शब्दों के माध्य से फूट पड़ा , बोली सरकार मैं बनाती हूँ और उसे चलाता कोई और हैद्य सही कह रही हैं उमा भारती , कितनी मेहनत से उन्होंने मध्यप्रदेश में सरकार बनाई थी लेकिन ताव ताव में इस्तीफा देकर चली गयी और अब उनकी सरकार को कोई और बरसों से चला रहा है हाल ये हैं कि वे न तो सांसद हैं और न ही विधायक द्य अब उमा जी को कौन समझाए कि ये तो राजनीति में चलता ही है मेहनत कोई करता है और मलाई कोई और खाता है दूसरी बात राजनीति में तुनक मिजाजी नहीं चलती साम दाम दंड भेद जिसको नहीं आता वो राजनीति में मिसफिट है, अब आप अपने को ही देख लो क्या हाथ आया कुछ नहीं, अच्छी भली मुख्यमंत्री थी लेकिन कहते हैं इंसान अपनी आदतें बदल सकता है स्वभाव नहीं द्य एक झटके में सत्ता छोड़ी थी और अब कई सालों से उसे पकड़ने की कोशिश कर रही हो।

## आध्यात्मिक पर्व है महाशिवरात्रि

**रमेश सर्राफ धमोरा**

फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को महाशिव रात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि मे भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है। महाशिवरात्रि भगवान शिव का त्यौहार है। भारत के सभी प्रदेशो में महाशिव रात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारिशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते है।

योगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबर्दस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है।

माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ो तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये उस दिन फलाहार किया जाता है। राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का सीजन होने से गांवों में लोगों द्वारा गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते हैं। शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मन्थन हो रहा था उस समय समुद्र में चैदह रत्न प्राप्त हुए। उन रत्नों में हलाहल भी था। जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे। तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया। तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं। इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है।

# विधायक को दिया ज्ञापन, पुरानी पेंशन बहाली इसी बजट सत्र में हो



**मुरैना।** न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष सतेंद्र तिवारी के आव्हान पर जिलाध्यक्ष मुरैना नीलेश शर्मा के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली के लिये विधानसभा बजट सत्र में प्रस्ताव पारित करवाने हेतु विधायक राकेश मावई विधानसभा क्षेत्र मुरैना को ज्ञापन देकर अनुरोध किया गया कि इसी बजट सत्र में पेंशन बहाल करते हुए एनपीएस शासकीय कर्मचारियों के घर रंग गुलाल की होली प्रदान करें। इस मौके पर डॉ सुंधाशु त्रिपाठी प्रदेश सह प्रभारी कांग्रेस को भी ज्ञापन दिया गया एवं अवगत कराया गया कि न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ मध्यप्रदेश भारत के तत्वावधान में मुरैना जिले में लगातार तीन वर्षों से अनवरत संघर्ष जारी है। इसके पहले ज़िले से कई बार मुख्यमंत्री को, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष को भी ज्ञापन दिया जा चुका है तथा दो वर्षों से निरन्तर होने वाले सभी विधानसभा सत्रों के पूर्व विधायकों के घर-घर जाकर ज्ञापन दिए जा रहे है, और बताया जा रहा हैं कि हमारे बुढ़ापे की सुरक्षा हमें प्रदान करें। ज्ञापन देने वालो ने विधायक से अनुरोध किया कि इसी बजट सत्र में पेंशन बहाली आदेश जारी करवाने की कृपा करें। इस अवसर पर नीलेश शर्मा ने कहा कि एन.पी.एस.व्यवस्था से पीडित कर्मचारी सेवानिवृत्त होने पर 500 से 1000 रू पा रहे हैं। इस राशि से उनके घर का खर्च भी नहीं चल पा रहा है जो शासकीय कर्मचारियों के साथ घोर अन्याय है। कर्मचारी सरकार का सेवक है और पेंशन उनको प्राइवेट कंपनी दे जो न्याय संगत नहीं है। विधायक संकल्प पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री के सामने रखते हुये पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करवाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर नीलेश शर्मा जिलाध्यक्ष मुरैना, गोरी शंकर जिला कार्यकारी अध्यक्ष मध्यप्रदेश पटवारी संघ, रामप्रसाद सखवार महासचिव, गंगादीन आरोलिया जिला उपाध्यक्ष, धीर सिंह सैनी, अम्बरीष शर्मा, श्रीलाल, महेंद्र शर्मा, बृजेश शर्मा, ज्ञानवीर दुबे, गणपत सिंह, विनोद गुर्जर, दिनेश आरोलिया सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

## अभाविप ने कलेक्टर और एसपी का किया पुतला दहन



**मुरैना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मुरैना कलेक्टर और एसपी का पुतला दहन समस्त इकाइयों में किया गया। जिसमें पोरसा तहसील के प्रभारी तहसीलदार नरेश शर्मा एवं पोरसा टीआई रामपाल सिंह जादौन ने 17 फरबरी को परिषद के कार्यकर्ता जो अपने रिश्तेदार के यहां पर खड़ा था, उसे बिना किसी वजह के अपने वाहन में ले जाकर थाने में बंद कर दिया जब वहां पर अन्य कार्यकर्ता आए तो सभी पर कानूनी कार्रवाई तथा अपमानजनक शब्दों का उपयोग किया तथा सभी कार्यकर्ताओं पर कानूनी कार्रवाई की गई। इस प्रकार के कृत्य से परिषद की छवि एवं छात्रों के भविष्य को खराब करने की कोशिश की गई है। मुरैना कलेक्टर एसपी से अभाविप मांग करती है कि एक्त मामले में तहसीलदार नरेश शर्मा और टीआई रामपाल जादौन को पोरसा तहसील से तत्काल हटाया जाए, जिससे उन छात्रों को न्याय मिल सके। अगर उचित कार्रवाई ना होने की स्थिति में एबीवीपी बहुत जल्द जिला स्तरीय उग्र आंदोलन करेगी और जरूरत पडी तो इस आंदोलन को प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी।

## आज निकलेगी शिव शोभा यात्रा

**मुरैना।** महाशिवरात्रि के अवसर पर 1 मार्च मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के भाई-बहनों द्वारा शहर में शिव शोभा यात्रा निकाली जाएगी। ब्रम्हाकुमारी केंद्र प्रमुख रेखा बहन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक शिव शोभा यात्रा सुबह 9 बजे



सीताराम-पतिराम धर्मशाला रोड स्थित होली हाउस से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी। बरात में आकर्षक झांकी भी शामिल रहेगीं। बारात प्रमुख रूप से होली हाउस से प्रारंभ होकर राम जानकी मंदिर, जीवाजी गंज, जिला मंडल पंचायत रोड, गर्ल्स स्कूल रोड, गोपीनाथ की पुलिया, महामाया मंदिर, सदर बाजार, हनुमान चौराहा, मारकंडेश्वर मंदिर से होते हुए स्टेशन रोड, माल गोदाम रोड, पुरानी कलेक्टर, एम एस रोड होते हुए सीताराम-पतिराम धर्मशाला रोड संपन्न होगी। शिव शोभा यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व ब्रम्हाकुमारी आश्रम पर नगर निगम आयुक्त के अस्तित्व में झंडा वंदन होगा। तत्पश्चात शिवरात्रि के महत्व के बारे में भाई बहनों को बताया जाएगा।

## एसबीआई के मुख्य प्रबंधक की भावभीनी विदाई

**मुरैना।** बैंकिंग सेवा में रहते हुए किसान हितेषी आस-पास की सभी शाखाओं के प्रिय, सामाजिक सेवा के लिए तत्पर मुख्य प्रबंधक शैलेन्द्र भारती सक्सेना बैंकिंग सेवा से सेवा निवृत्त हो रहे हैं। एक ज्ञानवान शख्शियत, बैंकिग क्षेत्र में कुशल प्रबंध, बैंकिंग प्रणाली के कुशल कारीगर, शिल्पकार, हम सब के हम सफर, हम सब से




विदा हो कर जीवन कि दूसरी सक्रिय पारी के लिए तैयार हैं। उनकी मुरैना क्षेत्र की भारतीय स्टेट बैंक की आसपास की सभी शाखाओं को इस क्षति से निकलने में वक्त लग सकता है। श्री सक्सैना का विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें भिण्ड, मुरैना, श्योपुर जिलों के मुखिया क्षेत्रीय प्रवन्धक आलोक बेनर्जी ने शॉल-श्रीफल से अभिनन्दन किया तथा भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ के ग्वालियर अंचल के मुखिया अवधेश अग्रवाल ने संघ परिवार की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## टाटा मैजिक का बस का स्टॉपेज पॉलिटेक्निक कॉलेज रहेगाः सूबेदार




**मुरैना।** फाटक बाहर से पॉलिटेक्निक कॉलेज तक फैल रही यातायात अव्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सूबेदार द्वारा टाटा मैजिक एवं बस ऑपरेटरों की एक बैठक सोमवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज में बुलाई गई, जहां तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई और बस ऑपरेटर एवं टाटा मैजिक संचालकों को हिदायत दी गई कि वह अपने वाहन पॉलिटेक्निक कॉलेज पर बनाए गए अस्थाई बस स्टैंड पर खड़े करें। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देश पर सोमवार की दोपहर पॉलिटेक्निक कॉलेज पर सूबेदार अखिल सिंह एवं मधुरिमा नरवरिया द्वारा समस्त बस ऑपरेटरों की बैठक आयोजित की गई जिसमें बस ऑपरेटर एवं टाटा मैजिक संचालकों की समस्याओं को सुना गया तथा इसके पश्चात सूबेदार द्वारा बस ऑपरेटरों को कहा कि पोरसा तरफ से आने वाली बस और टाटा मैजिक को पॉलिटेक्निक कॉलेज पर स्थित अस्थाई बस स्टैंड पर ही सवारी भरे और उतारे। धौलपुर तरफ़ जानें वाले बस, ऑटो, टाटा मैजिक को रिलायंस मॉल के पास ना खड़े होने की हिदायत दी गई। व्यवस्था सुचारु रूप से चलानें के लिये महादेव नाका, इमलिया तिराहा और पालीटेक्निक कालेज में यातायात के नये प्वाइंट बनाये गये। इधर बस ऑपरेटरों ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि चल रहे ई-रिक्शा एवं ऑटो फाटक के पास खड़े होते हैं और वह सभी सवारियां भर ले जाते हैं, फिर उनकी बस तक कोई सवारी नहीं आएगी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा। इसके लिए भी सूबेदार द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया है।

## घर चलो-घर-घर चलो अभियान के तहत कांग्रेस ने निकाली रैली



### भाजपा सरकार की विफलता लोगों को बताई

**अम्बाह।** घर चलो-घर घर चलो अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी द्वारा आज शहर में रैली निकालकर भाजपा सरकार की नाकामियों से आम जनता को अवगत कराया। इसके साथ ही सदस्यता अभियान के तहत अनेक लोगों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने यह अभियान सुधांशु त्रिपाठी मध्य प्रदेश सह प्रभारी, राकेश मावई, राजेंद्र यादव, मधुराज सिंह तोमर, देवेंद्र शर्मा, विजय परमार एवं उमा चरण शर्मा की उपस्थिति में चलाया। सभी ने बाजार में भ्रमण कर जनता को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराया। इसके पूर्व अग्रिम इंटरनेशनल स्कूल में सुधांशु त्रिपाठी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आगामी चुनाव की रणनीति को लेकर जोश भरा। कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली से आमजन, किसान, मजदूर सहित हर वर्ग परेशान है। महंगाई के चलते जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि वह विदेशों से कालाधन वापस लाएंगे, लोगों के खाते में 15-15 लाख रुपए डालेंगे, बेरोजगारी को खत्म कर देंगे। उनकी सब बातें झूठ और एक जुमला निकली। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने ओर आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए अभी से जनता के बीच जाने को कहा।



## शाला प्रबंधन समिति विद्यालय के सर्वांगीण विकास में अपना पूर्ण योगदान देंः फखरुद्दीन खॉन



**कैलारस।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के अंतर्गत समस्त शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में शासन के आदेशानुसार शाला प्रबंधन समिति का उन्मुखीकरण कार्यक्रम 28 फरवरी 20 22 को आयोजित किया गया, जिसमें शासकीय प्राथमिक विद्यालय पलिखिनी की शाला प्रबंधन समिति का उन्मुखीकरण कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसी फखरुद्दीन खान जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रभारी एवं सचिव लोकेंद्र श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम एसएमसी के अध्यक्ष, सचिव, एवं सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शपथ के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसी फखरुद्दीन खान ने संबोधित करते हुए कहा कि पालक, बालक एवं शिक्षक के समन्वित प्रयास से भी विद्यालय का सर्वांगीण विकास होगा। विद्यालय के सफल संचालन में एसएमसी की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसका आप सबको पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय के संचालन में एसएमसी की महत्वपूर्ण भूमिका है। आप सबको विद्यालय के सफल संचालन में हम सबका सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुखपाल सिंह यादव अध्यक्ष एसएमसी, श्रीमती अनीता जाटव उपाध्यक्ष एसएमसी महाराज सिंह अर्गल, डालचंद शर्मा, मनीराम धाकड़, संतोषी लाल त्यागी, सियाराम कुशवाह सहित समस्त विद्यालयीन स्टाफ एसएमसी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण जनप्रतिनिधि गण एवं ग्रामीणजन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जेल में बंद कैदी ने गृहमंत्री को पत्र लिखकर न्यायाधीश से लगाई गुहार

### अंबाह जेल में जेलर व पुलिसकर्मियों के भ्रष्टाचार की खोली पोल

**मुरैना।** जिले की अंबाह जेल में 1 वर्ष से सजा काट रहे लाला उर्फ मोहन तोमर ने जेल के अंदर जेलर एवं पुलिस कर्मियों द्वारा दी जा रही यातना प्रताड़ना एवं मारपीट कर बार-बार रिश्वत मांगे जाने की पोल खोलते हुए गृह एवं जेल मंत्री के माध्यम से माननीय न्यायालय को अवगत करा कर न्याय की गुहार लगाई है। उक्त कैदी ने डाकघर से स्पीड पोस्ट करा कर 21 फरवरी को यह पत्र भेजा है और जेल में चल रहे अवैध कार्यों की जानकारी दी है। अंबाह जेल में बंद कैदी लाला उर्फ मोहन तोमर पुत्र बसंत सिंह तोमर ग्राम फद्दूपुरा रुअर तहसील पोरसा थाना अंबाह जिला मुरैना ने गृहमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि वह 1 साल से अधिक समय से अंबाह जेल में बंद था। जेल में पदस्थ जेल अधीक्षक अनिरुद्ध नरवरिया, प्रहरी रामशंकर कोरकु, प्रहरी रामप्रताप सिंह भदोरिया और मुख्य प्रहरी शिरोमणि द्वारा मुझे कई बार शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। आए दिन मारपीट करना, पैसे मांगना, टॉर्चर करना, जब मैं जेल में आया था, उसके बाद कई बार मुझे मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान किया जाने लगा। पैसे मांगे गए, मेरे मना करने पर मुझे परेशान करने लगे। पत्र में मोहन ने बताया कि पुलिस कर्मचारी कई अपराधिक गतिविधियों में संलग्न रहते हैं, मैंने कई बार इनकी बात मानकर अपनी रक्षा की। मैं एक प्रकरण में विचाराधीन बंदी था, जब पैसे देने असमर्थ रहा तो मेरी मारपीट करना, जबरदस्ती काम करवाना, मानसिक रूप से प्रताडित किया जाने लगा। मैंने परेशान होकर कई बार कर ले कर जेलर व पुलिसकर्मियों को रुपए दिए तथा रुपए ना देने पर जान से मारने की धमकी दी जाती थी।जब मैंने इन लोगों का विरोध किया तो मुझे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। कई बार मैंने सोचा कि आत्महत्या करलूं, परंतु आत्महत्या को अपराध समझकर मैंने आत्महत्या करना स्वीकार नहीं किया। हर दिन खाना खाने से पहले डर लगता था कि कुछ हो ना जाए। मैंने जो भी अपराध किए हैं, मुझे न्यायालय जो भी दंड देगा, मुझे मंजूर होगा, लेकिन जेल में मेरे मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। मेरे प्राण पर संकट छाया हुआ है, मेरी मजबूरी होने के कारण से जेल में चल रहे दुर्व्यवहार से पीडित था। प्रहरी रामशंकर कोरकु जेल का रसूखदार सिपाही से मेरी जान को खतरा है। कैदी ने बताया कि प्रहरी रामशंकर और मुख्य प्रहरी शिरोमणि को न्यायालय उचित दंड देने की कृपा करें और मेरी शारीरिक मानसिक व आर्थिक समस्या का समाधान करने की कृपा करें।

मोहन ने जेल की अवस्थाओं के संबंध में बताया कि प्रहरी रामशंकर कोरकु एवं प्रहरी शिरोमणि सिंह एवं प्रहरी रामप्रताप सिंह भदोरिया सभी 10 साल से अंबाह जेल पर पदस्थ हैं, जेलर द्वारा इनको कभी भी ड्यूटी नहीं दी जाती है एवं पाकशाला में सालों से कार्य कर रहे हैं। पूर्व में भी इनकी कई बार शिकायत हो चुकी है पर कोई कार्यवाही नहीं होती है और ना ही इनकार ट्रांसफर किया जाता है। प्रहरी कहता है मेरा यहां से कोई ट्रांसफर नहीं करा सकता। प्रहरी रामशंकर कोरकु एवं रामप्रताप सिंह भदोरिया और शिरोमणि सिंह ने मुझे धमकी दी और इनवर्टर की बैटरी मांगी, मैंने इनवर्टर की बैटरी दोस्त से रुपए उधार लेकर दिलवाई, इसमें जेल अधीक्षक अनिरुद्ध नरवरिया भी शामिल हैं। उसके बाद भी 10 हजार रुपए की मांग की गई तथा नहीं देने पर मेरा ट्रांसफर मुरैना जेल में करवा दिया गया। जहां पर मुझे और भी टॉर्चर किया गया। मोहन तोमर ने पत्र के माध्यम से न्याय दिलाकर और दोषियों को दंडित कर न्यायालय की गरिमा को बरकरार रखने की अपील की है।

# अवैध रूप से गोवंश परिवहन कर ले जा रहे आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज


**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** अमानगंज गोवंश के अवैध परिवहन हेतु उपयोग किया जा रहा कन्टेनर वाहन कीमती करीब 16 लाख रूपये एवं 81 नग गोवंश (बछड़ा) कीमती करीब 3 लाख 24 हजार कुल मशरूका कीमती करीब 19 लाख 24 हजार रूपये का जप्त

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा अवैध पशु तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 27.02.22 को थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक अरविन्द कुजूर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई किशनगढ़ रोड तरफ से अवैध रूप से गौवंश कन्टेनर में परिवहन करके आ रहे है । थाना प्रभारी अमानगंज द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर श्री पीयूष कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमानगंज अरविन्द कुमार कुजूर के नेतृत्व मे पुलिस टीम गठित की गई । पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना की




तस्दीक हेतु किशनगढ रोड हिनौती पैट्रोलपंप के पास पहुँचकर वाहन चैकिंग लगाई गई चैकिंग के दौरान एक ट्रक कन्टेनर आते दिखा जो ट्रक कन्टेनर का चालक पुलिस को



देखकर ट्रक छोड़ कर भाग गया । पुलिस टीम द्वारा कन्टेनर ट्रक को चेक करते हुये कन्टेनर के पीछे का ढाला खुलवाकर देखा गया जिसमें दो खण्डों मे अवैध गौवंश (बछड़ा) भरे थे जिनके मुँह पैर निर्दयता पूर्वक बँधे थे और कन्टेनर के अन्दर ठूँस ठूँस कर गोवंश को भरा गया था साथ ही कन्टेनर में गोबंश बछड़ो के खाना पानी की कोई व्यवस्था नही थी । पुलिस टीम द्वारा गौशाला पवई मे पशुओ के मुँह व पैर खोलकर नीचे उतारवा कर गणना की गई तो भिन्न भिन्न उम्र हुलिया के कुल 81 नग गौवंश बछड़ा थे जो सभी 81 नग बछडा जीवित पाये गये । आरोपी अज्ञात चालक द्वारा अबैध रूप से गोबंश बछडो का परिवहन करते हुए पाये जाने पर अज्ञात आरोपी बाहन चालक का के विरूद्ध थाना अमानगंज में पशुओ के प्रति कूरता निवारण अधि., म. प्र. गोबंश बध प्रति. अधि. ,मध्यप्रदेश कृषि उपयोगी संरक्षक अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध क्र 126/2022 कायम कर विवेचना मे लिया गया ।

### जप्त सम्पत्ति

01 कन्टेनर क्र0 एम0पी0 09 एच जी 1005 कीमती करीब 16 लाख रूपये व 81 नग जिंदा छोटे बडे बछडे कीमती करीब 3 लाख 24 हजार रू कुल मशरूका करीब 19 लाख 24 हजार रूपये का जप्त ।

### सराहनीय योगदान

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक अरविन्द कुजूर ,सउनि भगवत दयाल , सउनि अयोध्या प्रसाद , सउनि प्रकाश मण्डल , आर. बृजेश सिह , राहुल पटेल , द्वारका प्रसाद की सराहनीय भूमिका रही है ।



## घनश्याम सैनी बने आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष

**जितेंद्र सिंह ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** माली समाज ने तत्काल इमरजेंसी मीटिंग बुलाई जिसमें सवाई माधोपुर कुस्तला निवासी घनश्याम माली को आरक्षण संघर्ष समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया हाल ही में हुए बड़े आंदोलन को चेतावनी मानकर सरकार न 10 मार्च तक का समय लिया था.. तत्काल मीटिंग में निर्णय लिया गया है कि अगर 10 मार्च को सरकार ने समाज के पक्ष में फैसला नहीं दिया तो करेंगे बहुत बड़ा आंदोलन संघर्ष समिति में जितेंद्र कुतलपुरा को उपाध्यक्ष बनाया गया मोहित सैनी को सदस्य बनाया गया बलवीर कुशवाहा को अंगरक्षक बनाया गया सभी लोगों को तत्काल मीटिंग के संयोजक राजेश सैनी ने कहा आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष यूथ जिलाध्यक्ष राजेश सैनी प्रहलाद जी प्रवक्ता कन्हैयालाल सब लोग मिलकर गांव-गांव और ढाणी ढाणी दौरा करेंगे और समाज के लोगों को पीले चावल बांटकर बड़ा आंदोलन करने का न्योता देंगे सरकार अपना फैसला कर ले।

## बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की डोर टू डोर पोलियो रोधी खुराक दी गई



**नेनराम सिरवी ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**पाली ।** रानी - कल्याणपुरा में पल्स पोलियो अभियान के तहत आंगनवाडीं केन्दं कल्याणपुरा आंगनवाडीं कार्यकर्ता छैल कंवर जोधा चॉगवा आंगनवाडीं कार्यकर्ता प्रमिला कुमारी मेघवाल कल्याणपुरा द्वारा 0 से 5 साल के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई ! इस अवसर पर आंगनवाडीं केन्दं कार्यकर्ता छैल कंवर जोधा प्रमिला कुमारी मेघवाल कल्याणपुरा उर्मिला मेघवाल चॉगवा आशा कुमारी मीरा मीणा विमला बोस संगिता बोस ममता भावना बोस हार्दीक अनिल उपस्थित रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी का किया गया स्वागत



**केशब प्रसाद शर्मा**
**पुष्पांजली टुडे**


**अम्बाह ।** बीपीएचओ इकाई अम्बाह द्वारा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी के सदस्य गणो का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया किसान मोर्चा में मुकेश प्रजापति जी को कार्यालय मंत्री रामनिवास प्रजापति सह कार्यालय मंत्री ,राकेश प्रजापति जी सदस्य राजीव प्रजापति सदस्य दलवीर प्रजापति जिला सदस्य भाजपा इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष श्री संतोष प्रजापति ,कोषाध्यक्ष शेलेन्द्र प्रजापति ब्लॉक अध्यक्ष जंडेल प्रजापति जी, दिनेश प्रजापति जी कोषाध्यक्ष ,मदन प्रजापति जी मीडिया प्रभारी, विष्णु प्रजापति वरिष्ठ सलाहकार ,राधेश्याम प्रजापति ,मनीष प्रजापति उपस्थित रहे इन्हें किसान मोर्चा में नवीन कार्यकारिणी में शामिल किए जाने पर प्रजापति समाज ने हर्ष व्यक्त किया है।

# राजिम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्यातिथ्य में राजिम माँघि पुन्नी मेला का होगा समापन समारोह

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्यातिथ्य में राजिम माँघि पुन्नी मेला का होगा समापन समारोह

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

छत्तीगढ़ । 16 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम माघी पुन्नी मेला का समापन समरोह 01 मार्च को होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल होंगे समारोह की अध्यक्षता धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टीएस सिंहदेव, जल संसाधन एवं कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन एवं परिवहन मंत्री श्री मो. अकबर, वाणिज्य कर मंत्री श्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, पीएचई मंत्री श्री गुरू रूद्रकुमार, उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल,



विधानसभा नेता प्रतिपक्ष श्री धरमलाल कौशिक, प्रथम पंचायत मंत्री एवं राजिम विधायक श्री अमितेष शुक्ल, पूर्व मंत्री एवं अभनपुर विधायक श्री धनेन्द्र साहू, महासमुंद सांसद श्री चुन्नीलाल साहू, रायपुर सांसद श्री सुनील सोनी, संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, संसदीय सचिव श्री चिंतामणि महाराज, संसदीय सचिव श्री कुंवर सिंह निषाद, सिहावा विधायक श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, रायपुर दक्षिण विधायक श्री बृजमोहन अग्रवाल, कुरूद विधायक श्री अजय चंद्राकर, बिन्द्रनवागढ़ विधायक श्री डमरूधर पुजारी मौजूद रहेंगा। कार्यक्रम में गरियाबंद जिला नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, राजिम नगर

## यूक्रेन से भारत बापिस लौटी टीकमगढ़ की बिधी जैन



**अजय खंगार ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़ ।** छात्रा विधि जैन ने कहा कि यूक्रेन की स्थिति बहुत ज्यादा खराब है भारत सरकार से छात्रों को जल्द बापिस लेन की अपील यूक्रेन और रूस के वीच चल रहे युद्ध के दौरान यूक्रेन में वीस हजार छात्र-छात्रा फंसे हुए हैं टीकमगढ़ जिले की एक छात्रा यूक्रेन से आज अपने घर बापिस आयी छात्रा विधि जैन ने मीडिया को बताया कि यूक्रेन की स्थिति खराब हो चुकी हैं। वहा छात्रों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है भारत सरकार बेस्ट साइट से छात्रों को बाहर निकाल रही है लेकिन सबसे बड़ी संख्या ईस्ट साईड में है जहाँ बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा फंसे हुए हैं विधि जैन ने बताया कि वह यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं जो 23 तारिक की रात में भारत के लिए रवाना हो गई थी लेकिन 24 तारिक को सुबह से ही यूक्रेन में बमबारी सुरु हो गई विधि जैन ने बताया कि वह जिस कॉलेज में पढ़ाई करती है वहां ऑफलाइन पढ़ाई हो रही थी इसलिए उस समय कई छात्र-छात्राओं ने टिकिट बुक करा लिए वह युद्ध शुरू होने के पहले ही निकल आये थे हालांकि अब भारत सरकार द्वारा छात्रों को बाहर निकलने की कोशिश जारी है लेकिन ईस्ट साईड में पड़ने वाले छात्रों के लिए बॉर्डर काफी दूर है और इस बॉर्डर तक पहुंचने मुश्किल है इसलिए भारत सरकार ईस्ट साईड में मौजूद छात्रों को भी जल्द भारत लाने की पहल करें क्योंकि ईस्ट साईड ही सबसे ज्यादा गोलाबारी हो रही हैं वहां रूस की सेना पहुंच गई है छात्रों के पास खाने पीने की सामग्री कुछ नहीं बची है यूक्रेन में माईनस 2 डिग्री तापमान है ऐसे में छात्रों के पास ठंड से बचने के लिए ओढ़ने के लिए कुछ नही है विधि ने अपने सभी भारतीयों के घर बापिस के लिए भारत सरकार से गुहार लगाई है।

# श्री राम कथा आज से भोंनपुरा में प्रारंभ

### कलश यात्रा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व रामायणी

**पुष्पांजली टुडे**

**गोहद ।** श्री राम कथा बावन,बीसा, चौरासी एवं माता चिलालसन देवी न्यास भोनपुरा चंबल संभाग के सहयोग से आज मंगलवार से प्रातः 12ः00 बजे से प्रारंभ होगी सोमवार को मुरैना जिले के सिहोनिया से कथा स्थल मां चिल्लासन देवी मंदिर तक 2 किलोमीटर लंबी भव्य कलश यात्रा निकाली गई इस अवसर पर कथा व्यास पंडित किशोरचंद्र जी रामायणी ने बताया कलस रिद्धि सिद्धि का प्रतीक है इसका हिंदू धर्म में विशेष महत्व है कहा कि कलश हमारे जीवन के हर क्षण में काम आता है जन्म के समय भी कलश स्थापना की जाती है और मरने के समय भी शरीर के साथ कलश विसर्जित



किया जाता है बताया कि कलश पर नारियल रखा जाता है जो इस बात की शिक्षा देता है कि परिवार के मुखिया को ऊपर से सख्त और अंदर से मुलायम होना चाहिए इससे जीवन की गाड़ी बेहतर चलती है कलश के ऊपर रखी जाने वाली माला संदेश देती है कि जिस तरह फूल महकता है उसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी दूसरों को सुगंध देने वाला होना चाहिए कलश यात्रा मुरैना जिले के सिहोनिया ग्राम से चलकर आसन नदी होते हुए मां चिल्ला सन देवी मंदिर कथा स्थल पर समाप्त हुई इस दौरान कलश यात्रा में हजारों की तादाद हजारों माता बहनों ने कलश अपने सिर पर रखकर कलश यात्रा का पुण्य कमाया इस अवसर पर कथा परीक्षित बदन सिंह तोमर दद्दू उनकी पत्नी श्रीमती कमला देवी और भिंड मुरैना ग्वालियर आदि जिले से समाज के हजारों जागरूक लोगों ने धर्म के प्रचार प्रसार में सम्मिलित होकर अहम भागीदारी।

### बावन बीसा चौरासी की हुई महापंचायत दी गई जिम्मेदारियां

भिंड जिले के अंतिम ग्राम भोनपुरा और मुरैना जिले के सोहोनिया से 2 किलोमीटर दूर स्थित आसन नदी के किनारे मां चिल्ला सन देवी मंदिर पर मंगलवार से होने जा रही श्री राम कथा के भव्य आयोजन और कार्यक्रम के दौरान जिम्मेदारियों का निर्वहन समाज के लोगों ने कलश यात्रा के बाद देर शाम को बैठ कर जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए लोगों को सामूहिक दिशा निर्देश दिए सभी ने अपने अपनी जिम्मेदारियां निभाने का आश्वासन दिया

# उद्यानिकी विभाग का लक्ष्य किसान के परिवार को रोजगार देने वाला परिवार बनाना है- मंत्री श्री कुशवाह

### संभाग स्तरीय एक दिवसीय कृषक कार्यशाला संपन्न

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** उद्यान विभाग शिवपुरी द्वारा मानस भवन शिवपुरी में संभाग स्तरीय एक दिवसीय कृषक कार्यशाला का आज सोमवार को आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संभाग के 04 जिले शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर के लगभग 700 उद्यानिकी कृषकों ने भाग लिया।

कार्यशाला में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त पाठ्य पुस्तक निगम के उपाध्यक्ष श्री प्रहलाद भारती, कोलारस विधायक श्री वीरेन्द्र रघुवंशी, कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह, उद्यान संभाग ग्वालियर के संयुक्त संचालक श्री नरेश सिंह तोमर, उपसंचालक उद्यान जिला गुना, सहायक संचालक उद्यान जिला शिवपुरी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी के वैज्ञानिक डॉ.मुकेश भार्गव, डॉ.पुष्पेन्द्र सिंह, कृषि विशेषज्ञ डॉ.आर.एस.जोनवार एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यशाला में मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि विभाग का लक्ष्य किसान के परिवार को रोजगार देने वाला परिवार बनाना है। साथ ही यह भी बताया कि जैविक खेती द्वारा किस प्रकार खेती एवं जमीन की आयु को बढ़ाया जा सकता है।

मंत्री श्री कुशवाह द्वारा म.प्र. के आगामी उद्यानिकी बजट में और कौन से बिन्दू जोडे जाने चाहिए। इस हेतु कृषकों से सुझाव पूछे एवं उद्यानिकी की समस्त योजनाओ के अंतर्गत दिये जाने वाले



अनुदान के बारे में वृहद जानकारी दी एवं किसानो की आय दूगनी करने एवं उत्पादन बढ़ाने के लिये उत्पादन से लेकर भंडारण, प्रसंस्करण के महत्व को बताते हुये उत्पाद के भंडारण एवं प्रसंस्करण हेतु विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं द्वारा दिये जाने वाले अनुदान के बारे में जानकारी दी।

कोलारस विधायक श्री वीरेन्द्र रघुवंशी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2003 से 2021 के मध्य किस प्रकार किसानों की आय एवं उत्पादन मे वृद्धि हुई है जिससे म.प्र. को लगातार कृषि कर्मण अवार्ड प्राप्त हुआ है। उन्होने बताया कि किस प्रकार किसान टमाटर की उन्नत खेती मे मल्चिंग, स्टेकिंग एवं ड्रिप का उपयोग करके अधिक लाभ कमा सकता है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कृषक उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत सब्सिडी प्राप्त करके अच्छा उत्पादन तथा आय प्राप्त कर सकता है। उद्यानिकी से कृषक आय में सतत वृद्धि हो सकती है। संयुक्त संचालक उद्यान संभाग ग्वालियर द्वारा विभाग की समस्त योजनाओं की

## बेअसर हुआ बदलेगा सवाई माधोपुर स्वच्छ अभियान



**जितेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** लिंक रोड न्यू कृषि मंडी आलनपुर के पास कुछ दबंग लोगों ने मंडी की दीवार क आगे कब्जा करके करते हैं सूखा चारा बेचने का व्यापार जिसकी वजह से हर घंटे ट्रैफिक जाम होता है जानवरों की आवाजाही बनी रहती है दुर्घटना होती रहती है प्रशासन नहीं दे रहा है ध्यान प्रशासन कर रहा है नजरअंदाज।

## महाशिवरात्रि 2022 ~ विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग गरियाबंद में, लगातार बढ़ रही है ऊंचाई, होती है दर्शन से मनोकामना पूरी



**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक ऐसा शिवलिंग है जिसे विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग कहा जाता है। भूतेश्वर महादेव के नाम से ख्यात यह शिवलिंग राजधानी रायपुर से 90 किमी दूर और गरियाबंद जिला मुख्यालय से 3 किमी दूर ग्राम मरौदा में पहाड़ियों के बीच स्थित है। यह जमीन से लगभग 85 फीट उंचा एवं 105 फीट गोलाकार है इस शिवलिंग को लेकर एक जनश्रुति प्रचलित है। आज से सैकड़ों वर्ष पूर्व जमींदारी प्रथा के समय पारागांव निवासी शोभासिंह जमींदार शाम को जब अपने खेत मे घूमने जाते थे, तो उन्हें खेत के पास एक विशेष आकृति नुमा टीले से सांड के हुंकारने (चिल्लाने) एवं शेर के दहाड़ने की आवाज आती थी। गांव वालों के साथ खोजने पर वहां कोई शेर या सांड नजर नहीं आया। इसके चलते इस टीले के प्रति लोगों की श्रद्धा बढ़ गई। बताया जाता है कि आज इस शिवलिंग में प्रकृति प्रदत जललहरी भी दिखाई देती है, जो धीरे धीरे जमीन के उपर आती जा रही है।

# अब शहरी क्षेत्र में भी बीट समाधान केंद्र के माध्यम से होगा समस्याओं का निराकरण



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने सोमवार को आयोजित अंतर्विभागीय समन्वय बैठक में सीएम हेल्पलाइन और टीएल पत्रों की समीक्षा की। इसके अलावा 1 मार्च से 5 मार्च तक चलाए जाने वाले वृक्षारोपण अभियान के संबंध में भी बैठक में चर्चा की गई। बीट समाधान व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायतों में बीट समाधान व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। इसमें ग्रामीणों के लंबित प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौता के आधार पर हो रहा है। अब यह व्यवस्था शहरी क्षेत्र में भी शुरू की जा रही है जिसमें शिवपुरी शहर में तीन थाना क्षेत्र, एक राशन दुकान और टूरिस्ट सेंटर को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा अन्य नगरीय निकायों में दो थाना क्षेत्र और एक राशन दुकान क्षेत्र में बीट समाधान केंद्र लगाए जाएंगे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने निर्देश देते हुए कहा है कि बीट समाधान व्यवस्था के तहत न केवल राजस्व व पुलिस का स्थानीय अमला बल्कि स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं का संचालन करने वाले विभाग का स्थानीय अमला बीट समाधान केंद्र पर उपस्थित रहे ताकि ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया जा सके।

## श्री कृष्णा गौसेवा आश्रम परिसर में एक शाम गौ माता के नाम का भजन संध्या का आयोजन हुआ

**नारायणलाल सैणचा ब्यूरो**
**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर ।** श्री मातेश्वरी भक्त मंडल ट्रस्ट (कर्नाटक)की ओर से गौसेवा आश्रम होसूर बण्डें गौशाला परिसर में रविवार को भजन संध्या का विशाल आयोजन हुआ । गौभक्त स्वामी पुखराज महाराज ने माताजी के समक्ष ज्योत प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। गणेश वंदना के साथ धर्मसभा का शुभारंभ हुआ जिसमें भजनकार कैलाश पंवार सुर लहरी भजन गायक लेहरूदास वैष्णव एंव गायककार शंकर टाक कलाकर की ओर से राजस्थानी लोक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओ को भावविभोर कर देर रात तक जम कर नचाया।मंच का संचालन सुरेश पारिक ने किया। स्वामी पुखराज महाराज ने मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत, फाउलाल परिहारिया, बलेपेट वढेर के अध्यक्ष सोभाराम सोयल ,अमराराम सीरवी को माला व साफा पहनाकर सम्मानित कर स्मृति चिह्न के रूप में भगवान श्रीराम की तस्वीर भेंट की गई। लोगों बडी संख्या गौ सहायतार्थ राशि दी।इस अवसर पर महाप्रसादी के लाभार्थी नारायणलाल सोंलकी ,बाबुलाल परिहार ,भंवरलाल सेंणचा रहे । मुख्य अतिथि गौ भक्त महेंद्र मुणोत ने गौमाता के लिए 3 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा की गई । गोशाला परिसर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर मातेश्वरी भक्त मंडल ट्रस्ट के सदस्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु आदि मौजूद थे ।



# एनएसयूआई ने गठित की महाविद्यालय समिति

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मृगेन्द्र सिंह गहरवार ने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के जन्म दिन के अवसर पर जिले की समस्त महाविद्यालयों में एनएसयूआई कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिला अध्यक्ष मृगेन्द्र सिंह गहरवार ने प्रेस विज्ञप्ति कर जारी कर बताया कि बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मंजुल त्रिपाठी, प्रदेश प्रभारी नीतीश गौड, प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी कोविद ठाकुर व जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती शारदा पाठक की अनुशंसा पर जिले के आठ महाविद्यालयों में एनएसयूआई पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें पन्ना छत्रसाल महाविद्यालय में मानस बुन्देला अध्यक्ष, अखण्ड प्रताप ड्क्षसह, सत्यम सेन उपाध्यक्ष, त्रिवेन्द्र, अयान खान, उपेन्द्र कुशवाहा, रोहित वर्मा महासचिव, कुलदीप सिंह यादव, रितक ठाकुर, भानू प्रताप, बृजेश कुमार को सचिव पद पर नियुक्ति किया गया है। कन्या महाविद्यालय पन्ना में प्रीती बुन्देला अध्यक्ष, इच्छा तिवारी, पूजा कुशवाहा, आकांक्षा शर्मा, आयशा बेगम, मोहिनी सोनी



उपाध्यक्ष, मैंकी कोरी, रश्मि सिंह, सोनम प्रजापति, मोहनी कुशवाहा, पूजा यादव, बीना कोरी, समीक्षा वाजपेई, भारती पटेल, प्रतीक्षा बादल महासचिव, सीफा बानो, मोहिनी द्विवेदी, पुष्पा कोंदर, रोशनी तिवारी, सपना राय, प्रियंका कोरी, कविता कुशवाहा, सौम्या नामदेव सचिव, प्रतिभा लोध, अर्चना चौधरी प्रवक्ता, अर्शिफा बानो कैप्टन बीए द्वितीय वर्ष, स्वाती मिश्रा उप कैप्टन बीए द्वितीय वर्ष, आरती कोरी कैप्टन बीए प्रथम वर्ष, दयामंती सरदार उप कैप्टन बीए प्रथम वर्ष, शिवानी विश्वकर्मा कैप्टन बीए तृतीय वर्ष, प्रियंका अहिरवार उप कैप्टन बीए तृतीय वर्ष बनाया गया है। अमानगंज महाविद्यालय में यादवेन्द्र पाण्डेय अध्यक्ष, सत्यम ठाकुर, हर्ष दुबे उपाध्यक्ष, रिंकू रेले, निष्कर्ष खरे सोनू, अजय बुन्देला, मोहित पाठक महासचिव, अनुज शर्मा, योगेन्द्र कबीरपंथी सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। शाहनगर महाविद्यालय में शिवम सोनी अध्यक्ष, राघवेन्द्र सेन उपाध्यक्ष, अमित जैन, सुरेन्द्र साहू महासचिव, सचिन वर्मन सचिव के पद पर नियुक्ति किया है। पवई महाविद्यालय में वीरेन्द्र पटेल अध्यक्ष, युवराज बुन्देला, अभिषेक शर्मा उपाध्यक्ष, सर्वेन्द्र सिंह, अतुल बागरी महासचिव, राहुल चौधरी, रविन्द्र यादव सचिव बनाया गया है। गुनौर महाविद्यालय में सिरमौर सिंह अध्यक्ष, हर्ष नायक, यश मिश्रा उपाध्यक्ष, शिवाजी परमार, शिवम सेन महासचिव, आसिफ खान, शिवा पटेल सचिव पद पर नियुक्ति किया है। देवेन्द्रनगर महाविद्यालय में पृथ्वीराज बुन्देंला अध्यक्ष, मनोज तिवारी उपाध्यक्ष, अभिलाष नामदेव, नरेन्द्र यादव महासचिव, मितेन्द्र नामदेव, दीपेन्द्र नामदेव सचिव बनाया गया है। अजयगढ महाविद्यालय में शुभम गर्ग अध्यक्ष, मेहराज अली, राज प्रजापति उपाध्यक्ष, धनंजय गुप्ता, तुलसीदास यादव, बेटा लाल अहिरवार महासचिव, ओमप्रकाश रैकवार, गोपाल प्रजापति, दीपेन्द्र अहिरवार को सचिव बनाया गया है। सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।

# केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत दस हज़ार एफपीओ के गठन और संवर्धन के लिए डी-एमसी की बैठक आयोजित

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला स्तरीय निगरानी समिति (डी-एमसी) की बैठक कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में केंद्रीय क्षेत्र की योजना के तहत ÷10,000 किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) गठन और संवर्धन पर आयोजित की गई। बैठक में आशीष जे श्रीवास्तव डीडीएम नाबार्ड, उपसंचालक पशुपालन, उप संचालक कृषि, उप संचालक हॉर्टिकल्चर और रेडिएंट इंफोनेट प्राइवेट लिमिटेड (सीबीबीओ)। आशीष जे श्रीवास्तव ने योजना के संचालन दिशा निर्देशों सहित मुख्य विशेषताओं के बारे में सदस्यों को विस्तार से बताया और



योजना के उद्देश्य, एफपीओ की अवधारणा, एफपीओ द्वारा की जाने वाली व्यापक सेवाएं और गतिविधियां, एफपीओ के गठन की रणनीति और उत्पाद क्लस्टर क्षेत्र की पहचान, एनपीएमए और कार्यान्वयन एजेंसियों की भूमिका (नाबार्ड/एसएफएसी/एनसीडीसी), क्लस्टर आधारित व्यवसाय संगठन (सीबीबीओएस), एफपीओ और सीबीबीओएस को वित्तीय सहायता सहित बजटीय प्रावधान, इक्विटी अनुदान सहायता और क्रेडिट गारंटी सुविधा का प्रावधान, एफपीओ का प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, एसएलसीसी और डी-एमसी की भूमिका सहित कार्यान्वयन और निगरानी तंत्र, मूल्यांकन तंत्र और एकीकृत पोर्टल, आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। लघु किसान कृषि व्यवसाय संघ (एसएफएसी) ने भिंड जिले के तीन प्रशासनिक ब्लॉक, भिंड, लहार और रौन में केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत एफपीओ के गठन और संवर्धन के लिए क्लस्टर आधारित व्यापार संगठन (सीबीबीओ) के रूप में रेडिएंट इंफोनेट प्राइवेट लिमिटेड को सूचीबद्ध किया है।

समिति ने सदस्यों के साथ विचार-विमर्श के बाद एफपीओ को बढ़ावा देने के लिए समूहों और गतिविधियों की पहचान समिति ने केंद्रित फसलों बाजरा, ज्वार, उड़द, सरसों, फल और सब्जियों को बढ़ावा देने के लिए जिले के भिंड, रौन और लहार ब्लॉकों की पहचान की। कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार को इसकी अनुशंसा की जाती है।



## वृक्षारोपण के महाअभियान में सहभागिता के लिए हुई बैठक

**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने अंकुर अभियान के तहत 1 से 5 मार्च तक चलने वाले वृक्षारोपण महाअभियान में सहभागिता के लिए स्वैच्छिक संगठनों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि महाअभियान को सफल बनाने के लिए सर्वसमाज की सहभागिता जरूरी है। इसलिए वृक्षारोपण के साथ पेड़ को सुरक्षित रखने का संकल्प लेकर अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि वायुदूत एप डाउनलोड कर अथवा 0755-2706666 नंबर पर मिसकाल या एमपी सीएम इवेंट पोर्टल के माध्यम से अभियान में शामिल होकर फोटो अपलोड करना है। वृक्षारोपण किसी भी स्थान पर किया जा सकता है। पर्यावरण बचाने के लिए वृक्षारोपण की भावना होना जरूरी है। शासकीय नर्सरियों से पौधे प्राप्त किए जा सकते हैं। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए गए। इस दौरान शहर के विकास के लिए नवाचार और सकारात्मक सोच के साथ मिलकर काम करने की अपील भी की गई। बताया गया कि वृक्षारोपण के अतिरिक्त अभ्युदय स्कीम के तहत जल स्त्रोतों से संरक्षण और गांव की जल संरचनाओं को सुदृढ़ करने का कार्य भी किया जाएगा। गाय के लिए रोटी बैंक स्थापित करने, कचरा और पॉलीथीन फेकने वालों पर स्पॉट फाइन लगाने और जिला पंचायत कार्यालय में पृथक से एनजीओ पंजीयन की व्यवस्था चालू करने के संबंध में भी चर्चा हुई।

# विधायक हिना कावरे ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** जिले की लांजी तहसील में लांजी किरनापुर विधानसभा विधायक सुश्री हिना लिखीराम कावरे की अध्यक्षता में जनपद पंचायत लांजी के सभा कक्ष में लांजी / किरनापुर अनुभाग के विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक दिनांक 28 फरवरी 2022 को समय 12ः00 बजे ली गई। सर्वप्रथम विधायक सुश्री हिना कावरे के द्वारा जनपद पंचायत लांजी के वीसी रुम का फिता काटकर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात विधायक महोदया के द्वारा समीक्षा बैठक आहूत की गई जिसमें विधान सभा सत्र प्रारम्भ होने की स्थिति को देखते हुए विधानसभा अंतर्गत सभी विभाग के विभाग प्रमुख को अपने अपने विभाग से



संबंधित जानकारी का फिटबैक तैयार करने के विभागीया अधिकारियों को निर्देश दिये गये, जिससे कि विभाग से संबंधित चल रही योजनाओं का क्रियान्वयन समय सीमा में किया जायें, एवं योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जावें। वही अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि हितग्राही मूलक योजनाओं का व्यापक प्रचार - प्रसार किया जाये, पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। विभाग एवं पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराया जाएं, किसी योजना के संचालन में बजट का अभाव होने पर अवगत करावें। राजस्व विभाग को निर्देश किया गया कि भू - अधिकार के तहत पात्र रखने वाले हितग्राहीयों को भूमि का पट्टा प्रदाय किया जाये। प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत हितग्राही भूमि के अभाव में आवस से वंचित न रह जायें इसका ध्यान रखा जावें। लोक स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि गर्मी में कोई भी ग्राम में पानी की समस्या न होने पाये इसका विशेष ध्यान रखें अभी से इसके लिये कार्य योजना बनाई जायें।

### बैठक में निम्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें

समिक्षा बैठक के दौरान लांजी सीईओ रंजीत ताराम, अनुविभागिय अधिकारी राजस्व किरनापुर, तहसीलदार लांजी किरनापुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लांजी / किरनापुर, अनुविभागिय अधिकारी मनरेगा लांजी / किरनापुर, अनुविभागिय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी लांजी, अनुविभागिय अधिकारी पी.डब्ल्यू.डी . लांजी, महिला बाल विकास अधिकारी लांजी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी लांजी, मत्स्य निरीक्षक लाजी, अनुविभागिय अधिकारी वन लांजी , खण्ड चिकित्सा अधिकारी लांजी, सर्व शिक्षा अभियान लांजी, खाद्य निरीक्षक विभाग लांजी, प्राचार्य आई.टी.आई. पालडोंगरी लांजी उपस्थित रहे।

# भारतीय पत्रकार संघ एवं जिला पत्रकार संघ का विशाल अंतरराज्यीय पत्रकार महासम्मेलन आयोजित

## सैकड़ों की तादाद में कई राज्यों से आए पत्रकारों ने की शिरकत

**हिमालय गोहिया**
**पुष्पांजली टुडे**

**सीहोर/**आलीराजपुर।रविवार को मध्यप्रदेश के आलीराजपुर जिला मुख्यालय पर भारतीय पत्रकार संघ का अंतरराज्यीय पत्रकार सम्मेलन आयोजित कियागया। सम्मेलन में देश के कुछ प्रमुख वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विक्रम सेन एवं जिला पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष श्री रघु कोठारी के नेतृत्व में शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर स्थानीय बालाजी गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय संरक्षक नवभारत समाचार पत्र के समूह संपादक श्री क्रांति चतुर्वेदी थे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार श्री पुष्पेंद्र वैद्य ने की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित कई राज्यों से आए 700 से अधिक पत्रकार साथियों ने शिरकत की।

सम्मेलन में प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार और संघ के राष्ट्रीय सचिव श्री रघुवर दयाल गोहिया सहित अन्य प्रमुख साथियों का पुष्प माला से अभिनंदन कर, बेज लगाकर सम्मान पत्र, शील्ड, एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। जिन में संघ के मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष श्री किशोर दगदी भी शामिल हैं।





इस अवसर पर पारूल यूनिवर्सिटी की गुजरात अहमदाबाद की सुश्री एकता मोदी ने एआईजे के आव्हान पर पारुल यूनिवर्सिटी में उच्च अध्ययन हेतु 30 प्रतिशत तक पत्रकार जगत के बच्चों को विश्वविद्यालय अध्ययन करने पर विशेष रियायत देने की घोषणा मंच से की। जिसका सभी उपस्थितों ने जोरदार तालियां बजा कर स्वागत किया। इस अवसर पर संघ की ओर से उनका आत्मीय सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री क्रांति चतुर्वेदी ने कहां की आमजन के हितों के लिए जो आवाज उठाए एवं अन्याय के लिए अपनी लेखनी से आवाज उठाए ऐसे पत्रकार ही वास्तविकता में समाज के सितारे हैं।

अध्यक्षता करते हुए श्री पुष्पेंद्र वैद्य ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना है। वे जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हैं तो समाज में शांति एवं व्यवस्था के साथ ही न्याय प्राप्ति का मार्ग सुगम होता है। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

प्रारंभ में स्वागत भाषण करते हुए भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विक्रम सेन ने कहा कि परंपरा के अनुरूप आज शहीद चंद्रशेखर आजाद की पावन पुण्य तिथि के अवसर पर दूर-दूर से आए पत्रकार साथियों ने अपनी एकता का परिचय दिया है वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि भारतीय पत्रकार संघ बहुत ही विस्तारित रूप में अपनी गतिविधियां प्रसारित कर रहा है। जिसका समाज व समुदाय पर गहरा प्रभाव परिलक्षित हो रहा है। उन्होंने सभी पत्रकार साथियो के नगर आगमन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पत्रकार जगत एवं समाज सेवा में विशिष्ट योगदान देने वाले हस्तियों का विशेष सम्मान अतिथियों द्वारा देवी सरस्वती एवं श्री गणेश की प्रतिमा भेट कर किया गया। इसमें सर्वश्री रघुवर दयाल गोहिया, नीलेश भानपुरीया, रामेश्वर गुप्ता,हंसराज पाडवी, राजेश सोनी, संदीप जैन, अजीजुद्दीन शेख, सुरेश देवरे आदि के नाम प्रमुख हैं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा देवी सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। संचालन विक्रम सेन, नरेंद्र श्रीवास्तव एवं सलीम शेरानी ने किया। इस महासम्मेलन के सफल आयोजन में पत्रकारगण रघु कोठारी, आशुतोष पंचोली, संदीप माहेश्वरी, मोहम्मद जोबट वाला, देवेंद्र वाणी सहित समस्त पत्रकार साथियों का उल्लेखनीय योगदान रहा। एआईजे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयपाल पाटीलजी, महाराष्ट्र प्रदेशाध्यक्ष एम.एस.शेख, कार्याध्यक्ष राजेंद्र गर्दे, उपाध्यक्ष गोपाल के.मारवाडी मो.शफीकभाई शेख एवं महाराष्ट्र राज्य के सभी पदाधिकारियों ने इस भव्य एवं शानदार आयोजन के लिये अलिराजपुर के एआईजे की प्रशंसा की और बधाई भी दी है।कार्यक्रम के अंत में समस्त पत्रकार साथियों एवं अतिथियों के लिए स्वरुचि सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

# शांति, सद्भाव एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएँ सभी त्यौहार

### जिला स्तरीय शांति समिति ने की अपील

### महाशिवरात्रि, होली, शब-ए-बारात, गुड़ी पड़वा, रामनवमी, महावीर जयंती आदि त्यौहारों को लेकर हुई बैठक



ग्वालियर। महाशिवरात्रि, रंगों का त्यौहार होली, शब-ए-बारात, गुड़ी पड़वा, चैती चाँद, रामनवमी, महावीर जयंती, अम्बेडकर जयंती व बैसाखी इत्यादि त्यौहार शांति, सदभाव एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील जिला शांति समिति द्वारा की गई है। शांति समिति की बैठक कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी की विशेष मौजूदगी में सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शांति समिति से धार्मिक आयोजन के दौरान आम नागरिकों की सुविधाओं व शहर की व्यवस्थाओं को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील भी शहरवासियों से की है। शांति समिति के सदस्यगण भी अपने-अपने क्षेत्र में व्यवस्थाएँ बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभायेंगे।

शांति समिति ने जिले वासियों से आग्रह किया है कि होलिका दहन में पूरी सावधानी बरतें अर्थात डाम्बरीकृत सड़क, बिजली, टेलीफोन व केबिल बायर के नीचे होलिका दहन न करें। होली त्यौहार पर प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करने पर भी शांति समिति ने विशेष बल दिया है। कलेक्टर श्री सिंह ने इन सभी त्यौहारों पर पानी, बिजली व साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि इन त्यौहारों के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हो।

कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने समिति को भरोसा दिलाया कि होलिका पर्व सहित अन्य सभी त्यौहारों पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये एहतियात के तौर पर पुख्ता इंतजाम रखे जायेंगे। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को सख्ती से रोका जायेगा। त्यौहार के समय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों, अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में दोनों त्यौहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी है।

सोमवार को कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी की मौजदगी में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में एडीएम श्री एच बी शर्मा एवं पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारियों सहित शांति समिति के सदस्य श्री संत कृपाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी सहित शांति समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## माफियाओं की सूची तैयार कर अभियान बतौर करें सख्त कार्रवाई : कलेक्टर श्री सिंह

**अंतरविभागीय समन्वय बैठक में सभी एसडीएम को दिए निर्देश**

ग्वालियर। आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं की एक हफ्ते में सूची तैयार करें। साथ ही चिन्हित भू-माफियाओं के खिलाफ अभियान बतौर



कार्रवाई की जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में जिले के सभी एसडीएम एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए। सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने भू-माफिया, खनन माफिया, मिलावटखोर व चिटफंड जैसी अवैध गतिविधियों में लिप्त माफिया को सूचीबद्ध कर कार्रवाई करने की हिदायत दी है। बैठक में जानकारी दी गई कि एंटी माफिया अभियान के तहत जनवरी व फरवरी माह के दौरान 69 अवैध निर्माण तोड़े गए और 60 एकड़ बेशकीमती जमीन भू-माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराई गई है। शासकीय जमीन पर अतिक्रमण की जुर्रत करने वाले सात भू-माफियाओं के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। इसी अवधि में अवैध उत्खनन के 50 प्रकरण बनाए गए और अवैध उत्खनन करने वाले 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसी तरह खाद्य पदार्थों में मिलावट के 45 प्रकरण दर्ज कर सात एफआईआर दर्ज हुई हैं। इसके अलावा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गड़बड़ी करने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस में प्रकरण दर्ज कराए गए हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी एसडीएम व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सख्ती के साथ अवैध कॉलोनियों को पनपने से रोकें।

## संक्षिप्त समाचार

### कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव अभियान 7 मार्च से

ग्वालियर। प्रदेश में शाला त्यागी बालिकाओं को पुन- अपनी शिक्षा नियमित करने के उद्देश्य से महिला-बाल विकास विभाग द्वारा 7 मार्च 2022 से 'कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव' अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। ÷बेटी बचाओं-बेटी पड़ाओं÷ के लिए अभियान का मुख्य उद्देश्य 11 से 14 वर्ष की शाला त्यागी बालिकाओं को पहचान कर उनको स्कूलों में पुन- प्रवेश सुनिश्चित कराना है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में शुरू किए गए ÷बेटी बचाओं-बेटी पड़ाओं÷ अभियान का सम्पूर्ण लक्ष्य बालिका के जन्म का उत्सव मनाना और उनको शिक्षित कर सक्षम बनाना है। महिला-बाल विकास विभाग द्वारा शाला त्यागी किशोरियों को तीन सौ दिवस तक प्रोटीन, कैलोरी युक्त टेक होम राशन दिए जाने का भी प्रावधान है। विभाग द्वारा प्रतिवर्ष अप्रैल माह में आँगनवाड़ी केन्द्रों का सर्वे कराया जाता है।

### 2 मार्च को रोशनीघर पर विशाल धरनाः डॉ देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने आज बताते हुए कहा कि बिजली के बिलो मे लूट खसोट, मैंटनेंस के नाम पर घोषित अघोषित बिजली कटौती एवं बिजली के बिलो में अधिक धन वसूली के सुधार में परेशान नागरिको को राहत दिलाने के लिए दिनांक 2 मार्च को रोशनीघर पर सांयकाल 4 बजे कांग्रेस पार्टी के द्वारा विशाल धरना देकर समस्त बिजली उपभोक्तांओ का राहत दिलाने की पहल की जाएगी। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि मप्र में सरकार परिवर्तन के बाद ग्वालियर महानगर में निरंतर घरेलू एवं ओद्योगिक व्यापारिक दुकानदारो को अत्याधिक बिजली का बिल भेजेकर आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है और मेंटेनेंस के नाम पर घोषित अघोषित बिजली कटौती से हर तरफ परेशानी का माहोल है।

### साप्ताहिक वार्ड स्वच्छता रैंकिंग में वार्ड 33 टॉप पर एवं वार्ड 65 बॉटम में

ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा की जाने वाले साप्ताहिक वार्ड स्वच्छता रैंकिंग में इस सप्ताह 100 में से 94 अंक प्राप्त कर वार्ड 33 प्रथम स्थान पर रहा है तथा 50.66 अंक प्राप्त कर वार्ड 65 ने सबसे आखिरी स्थान प्राप्त किया है। संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल की पहल पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत की जा रही तैयारियों को लेकर नगर निगम ग्वालियर द्वारा सभी 66 वार्डों में प्रति सप्ताह वार्ड स्वच्छता रैंकिंग की जा रही है।




## समाधिया कॉलोनी का पार्क शीघ्र कराएं ठीकः निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर दिनांक 28 फरवरी 2022- अमृत योजना के तहत समाधिया कॉलोनी के बी ब्लॉक में बनाई गई पानी की टंकी के कारण खराब हुए पार्क को तत्काल व्यवस्थित एवं सुंदर बनाएं जिससे क्षेत्र के नागरिकों को किसी प्रकार की कोई समस्या का सामना न करना पडे। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सोमवार को प्रातः सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अमृत योजना के इंजीनियरों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, अधीक्षण यंत्री श्री जेएन पारा, सीसीओ श्री कीतिवर्धन मिश्रा, श्री सुरेश अहिरवार, नोडल अधिकारी सीवर संधारण श्री राजेन्द्र भदौरिया, नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव सिंह चौहान, नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल, नोडल अधिकारी कार्यशाला श्री शैलेन्द्र सक्सैना, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने वार्ड 49 स्थित समाधिया कॉलोनी से निरीक्षण प्रारंभ करते हुए बी ब्लॉक के पार्क का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था को देखा तथा क्षेत्र के रहवासियों से डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं कचरा पृथकीकरण के बारे में भी जानकारी ली। इसके साथ ही स्वर्णरेखा तारागंज का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई व्यवस्था को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था को देखा।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने महाराज बाडे पर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात वार्ड 46 स्थित गणेश कॉलोनी एवं हनुमान नगर का निरीक्षण कर क्षेत्र के रहवासियों से डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं कचरा पृथकीकरण के बारे में भी जानकारी ली। जिसपर नागरिकों ने निगम कर्मचारियों की प्रशंसा की एवं स्वच्छता में सहयोग का आश्वासन दिया।

वहीं जलविहार में निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त श्री कन्याल ने कार्यशाला प्रभारी श्री सक्सैना को निर्देश दिए कि जलविहार के जलाशय की सफाई मशीन से तत्काल पूर्ण कराई जाए। इसके साथ की पार्क अधिकारी श्री बंसल को निर्देश दिए कि जलविहार में म्यूजिकल फाउंटेन शुरु कराएं और जलाशय के चारों ओर रेलिंग इत्यादि की तत्काल कार्य कराएं।

## विधायक डॉ. सिकरवार जी के नतृत्व में वार्ड 25 में चला घर-घर चलो अभियान

ग्वाल्यिर। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कमल्नाथ जी के आदेश पर पुरे प्रदेश में चल्रये जा रहे घर-घर चल्रे अभियान के तहत 16 ग्वाल्यिर पूर्व विधानसभा के मुरार ब्ल्रॅक में वार्ड क्र.25 में यह अभियान चल्रया गया जो कि कृष्ण पूरी से प्रारम्भ होकर आजाद नगर गल्री न.1, गल्री नं.2, गल्री नं.3, राम कल्र नगर एवं आस-पास के सभी छेत्रो में घर-घर दस्तक देकर यह अभियान विधायक डॉ. सतीश सिकरवार जी के नेतृत्व में चल्रया गया जिसमें विधायक जी ने हर घर-घर सम्पर्क कर पत्रक वितरण किये। इस कार्यक्रम में विधायक जी के साथ उपस्थित प्रदेश प्रवक्ता राम पांडे जी, श्रीमती सीमा समाधिया जी, वीना भारद्वाज जी, मंजू सेंगर जी, ब्ल्रॅक अध्यक्ष विनोद जैन, कार्यकारी अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह उर्फ कल्लू तोमर जी, रुपेश दुबे जी, बृजेश शुक्ल्र जी, नरेंद्र शर्मा जी, केदार बरादिया जी, सतेन्द्र शिकरवार जी, विकास उपाध्याय जी, शुभम् करहिया जी, शिवम राजपुत जी, जीतु राणा जी, आशू भदौरिया जी, आकाश सिकरवार जी, नवीन यादव जी, ल्रक्ष्मण शर्मा जी, सोनू शर्मा जी, आदि कार्यकर्तागण मोजूद रहे।



## मुनिश्री ने प्रतिष्ठित प्रतिमा को तानसेन नगर स्थित धर्मनाथ जैन मंदिर में विराजित कराई

### मुनिश्री के सानिध्य भगवान वासपूज्य मंगल कलश बग्गियों में सावर होकर गाजेबाजे के साथ निकाली शोभयात्रा



ग्वालियर- वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज, मुनिश्री विजयेश सागर, मुनिश्री विनिबोध सागर व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज के सानिध्य में आज सोमवार को बग्गियों में सवार इंद्रो अपने हाथों में भगवान वासपूज्य प्रतिमा व चतुर्मास मंगल कलश लेकर जैन सिध्दक्षेत्र गोपालचल से तानसेन नगर स्थित धर्मनाथ दिगंबर जैन जिनालय तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री के सानिध्य में फूलबाग जैन सिध्दक्षेत्र गोपाचल पर्वत से तानसेन नगर तक गाजेबाजे के साथ बग्गियों में इंद्र हाथों में भगवान वासपूज्य की प्रतिमा एक चातुर्मास का मंगल कलश की शोभायात्रा धर्मनाथ दिगंबर जैन जिनालय तक निकाली गई! शोभायात्रा मंदिर पर पहुचने पर मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज एवं प्रतिष्ठाचार्य पंडित शशिकांत कुमार शास्त्री विधिविधान के साथ भगवान वासपूज्य का कलशों से अभिषेक व शांतिधारा अजय कुमार अमन जैन हर्ष जैन परिवार ने किया। यंग महा मंडल विधान किया। जिसमें विधान में भगवान जीनेद्र को अष्ट द्रव्य से पूजन के साथ महाअर्घ्य समर्पित किया गए। मंदिर की वेदी में भगवान वासपूज्य की प्रतिमा एवं चतुर्मास का मंगल कलश भक्तिभाव से साथ विराजित किया गया।!

**धर्म व ध्यान से आत्मा पवित्र होती है।मुनिश्री विहर्ष सागर**

मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने धर्मसाभ को संबोधित करते हुए कहा कि जीव को ज्ञान के पूर्व सामान्य सत्ता का अवलोकन होता है। जैसी श्रद्धा होती है, वैसा ही ज्ञान होता है। जैसा ज्ञान होता, वैसा पुरुषार्थ होता है, इन्हें जीव को अपने आचरण में उतारना चाहिए। धर्म व ध्यान से आत्मा पवित्र होती है। उन्होंने कहा कि जीव का कल्याण सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन, सम्यक चरित्र और तप से होता है। जब तीनों को समान रूप से एकता में पिरोया जाए, तो मोक्ष के भाव तैयार होते हैं। अशुचि भावना में जीव शरीर को पवित्र मानता है, आत्मा को नहीं। बिना धर्म ज्ञान के शरीर का स्वयं अवलोकन करोगे तो स्वयं से घृणा होगी। इसलिए समय का उपयोग करो और पुरुषार्थ करो। पुरुषार्थ अच्छा होगा तो फल भी अच्छा होगा। आत्मा से प्रेम करो, जो पवित्र है। धर्म ध्यान से ही आत्मा पवित्र होती है।

## प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने महाशिवरात्रि पर्व पर दी नागरिकों को शुभकामनायें

### शिवालयों के आस-पास चलाया जाए विशेष सफाई अभियान

### शिवालयों के आस-पास सुरक्षा और यातायात के पुख्ता प्रबंध हो

ग्वालियर। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने जिले के निवासियों को महाशिवरात्रि पर्व पर शुभकामनायें प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा है कि महाशिवरात्रि का पर्व सभी लोग उत्साह और उमंग के साथ मनाएं। सभी शिवालयों पर साफ-सफाई, यातायात के भी पुख्ता प्रबंध हों, इसके भी निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए हैं।

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट सोमवार को दोपहर 12.30 बजे वायुयान से राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल पधारे। विमानतल पर ही उन्होंने अधिकारियों की बैठक ली और महाशिवरात्रि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा सहित जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने नगर निगम आयुक्त श्री कान्याल से कहा है कि शिवरात्रि से पूर्व सभी शिवालयों पर साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाकर सफाई कराई जाए। इसके साथ ही शिवरात्रि के पश्चात भी निगम अभियान चलाकर शिवालयों के आस-पास साफ-सफाई की व्यवस्था को सुनिश्चित करे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी से भी कहा है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों के आस-पास सुरक्षा के साथ-साथ यातायात प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। आम नागरिकों को शिवालय पहुँचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए।



**स्वच्छता अभियान से जोड़ा जाए जन-जन को**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने स्वच्छता अभियान की भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा है कि स्वच्छता अभियान से जन-जन को जोड़ा जाए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478